रांची, मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024
संवत 2081, आश्विन शुक्ल 6 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 34 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ अनन्या पांडे बनाम पारूल यादव
बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना ◂◂ 6




सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार PR- 338343 (IPRD) 24-25

# गुमला में मंईयां सम्मान यात्रा, मंत्री दीपिका ने भाजपा की गोगो दीदी योजना को बताया फर्जी

मेट्रो रेज



**गुमला:** मंईयां सम्मान यात्रा के गुमला दौरे के दूसरे दिन घाघरा प्रखंड के आदर, सिसई और बिशुपुर प्रखंड में जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी और झामुमो से गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुख्य रूप से शामिल हुईं।

मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान दोनों मंत्री और झामुमो विधायक ने जनसभा को संबोधित किया। महिला नेत्रियों ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार किया. इसके साथ ही भाजपा द्वारा शामिल की गयी गोगो योजना की खामियों को जनता के बीच गिनाई. साथ ही हेमंत सरकार की उपलब्धियों को आम लोगों के बीच रखा।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भाजपा की गोगो दीदी योजना की खामियों को बताते हुए कहा कि भाजपा वाले प्रदेश की भोली भाली महिलाओं को ठगा जा रहा है. जैसे 15 लाख रुपए आपके खाते में नहीं आये, ठीक उसी तरह गोगो दीदी योजना के नाम से भरे जाने वाला फॉर्म को कचरे के डिब्बे में डाल दिया जाएगा। यह फॉर्म महिलाओं को परेशान करने और उन्हें बरगलाने के लिए किया जा रहा है।

मंत्री ने भाजपा नेताओं से सवाल पूछा कि गोगो दीदी योजना के फॉर्म को ध्यान से देखने पर पता चलेगा कि उसमें बैंक अकाउंट नंबर का कॉलम नहीं है तो आखिर पैसा कहां डालियेगा। वहीं मौजूद गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सभा में मौजूद लोगों को मंईयां सम्मान योजना के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हमारे प्रदेश की आधी आबादी महिलाओं को 12000 रु. प्रतिवर्ष सीएम हेमंत सोरेन द्वारा दिया जा रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी आधी आबादी को उनके हक का सम्मान देने का काम प्रदेश में हुआ है।

विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज महिलाओं को 12 हजार रुपया प्रति वर्ष देकर उन्हें उचित सम्मान देने का काम हो रहा है। साथ ही बीजेपी पर तंज करते हुए पूछा कि आज तक बीजेपी वालों ने हमारी झारखंड की महिलाओं के लिए क्यों नहीं सोचा. यहां तक कि हमारे सीएम जब भी प्रदेश की जनता के लिए बेहतर योजना लेकर आते हैं तो विरोधियों के पीआईएल गैंग द्वारा पीआईएल कर जनता की हितकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने से रोकने का प्रयास किया जाता है. लेकिन हमारे सीएम हेमंत सोरेन इन विरोधियों का जनता के बीच बेहतर योजना लाकर करारा जवाब देने का काम कर रहे है।

कल्पना सोरेन ने सरना धर्म कोड को लागू नहीं होने देने के लिए भाजपा को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि सरना धर्म कोड को लागू कराने के लिए भाजपा से जोरदार लड़ाई लड़नी होगी ताकि आदिवासियों को हक, पहचान और भाषा को मजबूती मिल सके. भाजपा वाले षड्यंत्र के तहत झूठे केस में हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया। लेकिन हमारा कानून और संविधान में यह ताकत है कि सच को सच और झूठ को झूठ कर न्याय दिलाये. जिससे हमारे सीएम जेल से बाहर तो आ ही गए इसका परिणाम यह हुआ कि पिछले लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र के पांचों लोकसभा सीट को गठबंधन की झोली में डाल कर प्रदेश की जनता ही भाजपा को उचित जवाब दिया।

वहीं सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम आवास योजना को रोक दिया। इसीलिए हमने प्रदेश की बेघर जनता के लिए अब वह आवास योजना लेकर आए और बेघर या कच्चे मकान वाले जनता को तीन कमरे का पक्का मकान देने का काम किया. वहीं गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि आज कल्पना सोरेन हमारे बीच उपस्थित हैं हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी के नाते यह देखने आई हैं कि मंईयां सम्मान योजना से आखिर हमारी माताएं प्रसन्न हैं नहीं.

यहां आप सबों की भरपूर उपस्थिति और चेहरे पर मुस्कुराहट से इस योजना को सफल मान रही हैं. भाजपा और उनके घटक दल पर डेमोग्राफी को चेंज करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए कहा कि विरोधी ताकत की पेट में दर्द हो रहा है कि वे झारखंड के डेमोग्राफिक को चेंज नहीं कर पा रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष बॉबी भगत, प्रमुख सविता देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णा कुमार लोहरा, गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल, थाना प्रभारी तरुण कुमार, पशुपालन प्राधिकारी सीमा एक्का, शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो सहित प्रखंड प्रशासन पुलिस के जवान सहित ग्रामीण मौजूद रहे. इसके साथ ही इन नेताओं को सुनने के लिए भारी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुरक्षा दस्ता के मंच कार्यालय का उद्घाटन आज शाम

मेट्रो रेज



**रांची :** सुरक्षा दस्ता के मंच कार्यालय का उद्घाटन आज 08 अक्टूबर को शाम 05 बजे लोकप्रिय विधायक सीता मुर्मू सोरेन करेंगें। रांची,सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के पदाधिकारी आज जामा विधायक श्रीमती सीता मुर्मू सोरेन जी से उनके धुर्वा स्थित आवासीय कार्यालय मिले और उन्हें नवरात्रि की शुभकामनाएं दी साथ ही सुरक्षा दस्ता के मंच कार्यालय का उद्घाटन के लिए उन्हें आमंत्रित किया।

विधायक आमंत्रण स्वीकार करते हुए आज दस्ता के कार्यालय का उद्घाटन रातु रोड चौक पर बैंक ऑफ इंडिया के निकट 08.10.2024 को 05 बजे मुख्य अतिथि के रूप मे करेंगीं। इस मौके पर दस्ता के अध्यक्ष मंटु वर्मा,मंत्री मिंटू सिंह,वरीय उपाध्यक्ष रौशन चौधरी,मीडिया प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा एवं महिला सुरक्षा दस्ता के रविंद्र कौर सहित सैकड़ो पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11 / 2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 14.10.2024 (2.00 बजे अपराहन तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 14.10.2024(3.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.10.2024(3:30 बजे अपराहन्)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी
6. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० | योजना का नाम | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | राजकीय मध्य–सह–उच्च विद्यालय, सिन्दरी के फुलवारी में तार का बाड़ लगाने का कार्य तथा किचन भवन का जीर्णोद्धार कार्य। | अड़की | 10.06700 | 0.025 | 0.21 | 60 दिन |
| 2. | लक्ष्मी नारायण +2 उच्च विद्यालय, मुरहू में शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य। | मुरहू | 4.51600 | 0.00750 | 0.10 | 60 दिन |

परिमाण विपत्र हेतू भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा निर्गत डी.डी. जो निविदा प्रकाशन के पश्चात तथा निविदाकार के स्वंय के खाता से निर्गत हो,जमा करने पर ही परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। अग्रधन की राशि निविदा प्रकाशन के पश्चात की तिथि का Pledge(Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti) मान्य होगा।
निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।

PR.NO.338176 Minor Irrigation(24-25):D


# चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह जिले में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ को लेकर उपायुक्त से मांगी रिपोर्ट

मेट्रो रेज



**रांची :** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह जिले के उपायुक्त से जिले में बांग्लादेशी घुसपैठिया व रोहिंग्या मुस्लिमों के अवैध घुसपैठ को लेकर 7 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है?। उन्होंने कहा है कि इस विषय को वे भारत सरकार के गृह मंत्रालय के संज्ञान में भी ला रहे हैं। गिरिडीह सांसद ने उपायुक्त को इस बाबत पत्र भी लिखा है। उन्होंने उपायुक्त को जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जांच कर बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुस्लिम की उपस्थिति का ब्यौरा देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सांसद ने उपायुक्त को इस बात के लिए सावधान किया है कि जिस प्रकार पर्यावरण एवं प्रदूषण के विषय पर उनकी प्रशासनिक कार्यशैली रही है, उस तरीके का आचरण अवैध बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुस्लिम के विषय में ना रहे, यह सुनिश्चित करें। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। कहा कि मैं बहुत ही गंभीरता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस विषय को उपायुक्त के संज्ञान में लाया हूं। गिरिडीह सांसद के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर जिला प्रशासन को सजग करूं।



## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंअ का चटवल स्कूल मैदान में उद्घाटन, जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अन्सारी मुख्य अतिथि

**मांडर :** मांडर प्रखंड के चटवल स्कूल मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मंगलवार को जिला परिषद प्रतिनिधि और समाजसेवी रबूल अन्सारी द्वारा किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सफीक अन्सारी, विधायक प्रतिनिधि रसीद अन्सारी, और समाजसेवी जुल्फान अन्सारी भी उपस्थित थे। उद्घाटन मैच के दौरान रबूल अन्सारी ने युवाओं को खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह टीम भावना और आपसी सहयोग को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और समर्पण के साथ खेलने की सलाह दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से वार्ड सदस्य समीम अन्सारी, अध्यक्ष अमानत अन्सारी, सचिव समसाद अन्सारी, कोषाध्यक्ष इशाक अन्सारी, उपकोषाध्यक्ष मजीद अन्सारी, संरक्षक तसलीम अन्सारी, सहबाज अन्सारी और तैयब अन्सारी उपस्थित थे। इसके अलावा, बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय दर्शक भी मैच का आनंद लेने पहुंचे। इस टूनार्मेंट का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को प्रोत्साहित करना और खेल के माध्यम से उन्हें एकजुटता का संदेश देना है। आयोजकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सभी का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहने की उम्मीद जताई।

## मांडर में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार जेल भेजा गया

**मांडर :** मांडर पुलिस ने दुष्कर्म के एक फरार आरोपी इम्तियाज खान उर्फ इम्तियाज अंसारी उर्फ इस्तियाज खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इम्तियाज, मांडर थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ का निवासी है और रांची महिला थाना में दर्ज कांड संख्या- 18/22, दिनांक 05.07.2022 के तहत वह मुख्य अभियुक्त था। इस मामले में उस पर धारा 366/417/376(2)(एन.)/323/493/504/506 भा.द.वि. के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें अपहरण, धोखाधड़ी, बलात्कार और मारपीट शामिल हैं।

घटना के बाद से इम्तियाज खान फरार था, लेकिन मांडर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, इम्तियाज की गिरफ्तारी से इस मामले में न्याय की दिशा में अहम प्रगति हुई है, और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने इस तरह के गंभीर अपराधों पर कड़ी नजर रखते हुए कार्रवाई करने की बात कही है।

# सीईओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक, चुनाव आयोग के नए नियमों से अवगत कराया

मेट्रो रेज



**रांची:**झारखंड में विधानसभा चुनाव का कॉउटडाउन शुरू हो गया है. भारत निर्वाचन आयोग किसी भी दिन चुनाव तारीखों की औपचारिक घोषणा कर सकती है। जानकारी के मुताबिक इसी सप्ताह चुनाव की घोषणा होने की संभावना है। मतदान दो से तीन चरणों में कराने की तैयारी की गई है. 26 नवंबर तक निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर लेने की संभावना है।

भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार आठ अक्टूबर की दोपहर 1:00 से 2:00 बजे के बीच झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चुनाव तैयारी की जानकारी ली। संभावना है कि इसके बाद भारत निर्वाचन आयोग चुनाव घोषणा को लेकर कोई निर्णय लेगा।

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक**

**इधर,** चुनावी डुगडुगी बजने से पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय चुनावी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा है.सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में बैठकों का दौर जारी रहा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आयोग के दिशा निदेशों से अवगत कराया. वहीं स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने में सहयोग करने की अपील की।

**आयुक्तों के साथ चुनाव तैयारी की समीक्षा**

**राजनीतिक** दलों की बैठक के बाद दूसरी बैठक प्रमंडलीय आयुक्तों की बैठक सोमवार शाम हुई. जिसमें राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव तैयारी की समीक्षा की।

**चुनाव आयोग के निर्देशों से कराया गया अवगत**

**इस** संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि चुनाव पूर्व यह सभी तैयारियां की जाती हैं. इसी के मद्देनजर आज राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई और आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया है.

**बूथों में पार्टी का झंडा लगाकर बैठने पर रोक**

**चुनाव** आयोग के ताजा निर्देश ने राजनीतिक दलों को मुसीबत में डाल दिया है.मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को दी गई जानकारी के तहत मतदान केंद्रों पर रहनेवाले राजनीतिक कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लगाकर नहीं बैठ सकेंगे. बूथ एजेंट के लिए यह निर्देश पहली बार झारखंड विधानसभा चुनाव से लागू होगा.

**आयोग करेगा बैठने का स्थान निर्धारित**

**इसके** अलावे 200 मीटर के दायरे में चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए स्थान निर्धारित करेगा और उसी स्थान पर उन्हें बैठना होगा.इसके अलावे बगैर प्रत्याशी की सहमति के पार्टी समर्थक अपने दल का झंडा नहीं लगाएंगे. यदि बगैर सहमति का झंडा लगाते पाए जाएंगे तो 10 हजार तक का जुमार्ना हो सकता है।

**बूथों में नाश्ता या भोजन नहीं कर सकेंगे**

बैठक में शामिल बीजेपी नेता सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव आयोग का ऐतिहासिक निर्देश है. अब बूथ के बाहर बैठनेवाले राजनीतिक कार्यकर्ता पार्टी का झंडा नहीं लगाएंगे. इसके अलावे बूथों पर नाश्ता या भोजन नहीं करेंगे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार. (फोटो-ईटीवी भारत)

**चुनाव आयोग के निर्देश का अक्षरश: पालन होगा**

वहीं इस संबंध में राजद नेत्री अनिता यादव कहती हैं कि चुनाव आयोग के निर्देश का अक्षरशः पालन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि आयोग ने बगैर प्रत्याशी की सहमति के समर्थकों द्वारा झंडा लगाने पर जुमार्ना का प्रावधान किया है. अनिता यादव कहती हैं कि यदि सहमति प्रत्याशी की होगी तो उसका व्यय प्रत्याशी के चुनाव खर्च में शामिल होगा।


## झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
## विद्युत आपूर्ति अंचल, रॉंची

(CIN:U40108JH2013SGC001702)
कुसई कॉलोनी, डोरण्डा, रॉंची – 834002, फोन नं० 0651 – 2490467 फैक्स नं० 0651 – 2490558
e-mail : ranchicircle.ese@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

दुर्गा पूजा 2024 के शुभ अवसर पर विद्युत आपूर्ति अंचल, रॉंची अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायत/सूचना गठित नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क सूत्र 0651–2490014 एवं 9431135682 में दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त शिकायत/सूचना संबंधित क्षेत्र के अभियंताओं को भी दिया जा सकता है, जिनका मोबाइल नंम्बर निम्न रूपेण है:–

| क्रमांक | प्रमण्डल का नाम | पदनाम | मोबाइल नं० |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल डोरण्डा | विद्युत कार्यपालक अभियंता डोरण्डा | 9431135608 |
| 2 | | सहायक विद्युत अभियंता डोरण्डा | 9431135623 |
| 3 | | सहायक विद्युत अभियंता तुपुदाना | 9431135632 |
| 4 | | सहायक विद्युत अभियंता एच.ई.सी | 9431135633 |
| 5 | | कनीय विद्युत अभियंता डोरण्डा | 9431135643 |
| 6 | | कनीय विद्युत अभियंता हिनु | 9431135645 |
| 7 | | कनीय विद्युत अभियंता तुपुदाना | 9431135671 |
| 8 | | कनीय विद्युत अभियंता हटिया | 9431135672 |
| 9 | | कनीय विद्युत अभियंता एच.ई.सी (N) | 9431135673 |
| 10 | | कनीय विद्युत अभियंता एच.ई.सी (S) | 9431135674 |
| 11 | विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल केन्द्रीय | विद्युत कार्यपालक अभियंता केन्द्रीय | 9431135613 |
| 12 | | सहायक विद्युत अभियंता मेन रोड | 9431135624 |
| 13 | | सहायक विद्युत अभियंता प्रमण्डल हरमु | 9431135625 |
| 14 | | सहायक विद्युत अभियंता अशोक नगर | 9431135646 |
| 15 | | सहायक विद्युत अभियंता (S) | 9431135648 |
| 16 | | सहायक विद्युत अभियंता (N) | 9431135647 |
| 17 | | कनीय विद्युत अभियंता हिन्दपीढ़ी | 9431135650 |
| 18 | | कनीय विद्युत अभियंता हरमु | 9431135652 |
| 19 | | कनीय विद्युत अभियंता किशोरी गंज | 9431135651 |
| 20 | | कनीय विद्युत अभियंता अशोक नगर | 9431135650 |
| 21 | | कनीय विद्युत अभियंता कडरू | 9905547219 |
| 22 | | कनीय विद्युत अभियंता पुनदाग | 9431135644 |
| 23 | विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल कोकर | विद्युत कार्यपालक अभियंता कोकर | 9431135615 |
| 24 | | सहायक विद्युत अभियंता कोकर | 9431135627 |
| 25 | | सहायक विद्युत अभियंता प्रमण्डल लालपुर | 9431135626 |
| 26 | | सहायक विद्युत अभियंता आरएन.सी.एच | 9431135602 |
| 27 | | कनीय विद्युत अभियंता कोकर | 9431135659 |
| 28 | | कनीय विद्युत अभियंता चुटिया | 9431135649 |
| 29 | | कनीय विद्युत अभियंता नामकुम | 9431135655 |
| 30 | | कनीय विद्युत अभियंता लालपुर | 9431135653 |
| 31 | | कनीय विद्युत अभियंता कांटा टोली | 9431135654 |
| 32 | | कनीय विद्युत अभियंता मोरहाबादी | 9431135658 |
| 33 | | कनीय विद्युत अभियंता आरएम.सी.एच | 9431135657 |
| 34 | | कनीय विद्युत अभियंता बरीयातु | 9431135656 |
| 35 | विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल रॉंची पूर्वी | विद्युत कार्यपालक अभियंता रॉंची पूर्वी | 9431135614 |
| 36 | | सहायक विद्युत अभियंता टाटीसिल्वे | 9431135631 |
| 37 | | सहायक विद्युत अभियंता ओरमांझी | 9431135634 |
| 38 | | सहायक विद्युत अभियंता बुण्डु | 9431135648 |
| 39 | | कनीय विद्युत अभियंता टाटीसिल्वे | 9431135668 |
| 40 | | कनीय विद्युत अभियंता रामपुर | 9431135669 |
| 41 | | कनीय विद्युत अभियंता सिल्ली | 9431135670 |
| 42 | | कनीय विद्युत अभियंता अनगड़ा | 9431135669 |
| 43 | | कनीय विद्युत अभियंता विकास | 9431135675 |
| 44 | | कनीय विद्युत अभियंता बुण्डु | 9431135684 |
| 45 | विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल रॉंची पश्चिमी | विद्युत कार्यपालक अभियंता रॉंची पश्चिमी | 9431135664 |
| 46 | | सहायक विद्युत अभियंता रातु रोड | 9431135630 |
| 47 | | सहायक विद्युत अभियंता मांडर | 9431135635 |
| 48 | | कनीय विद्युत अभियंता रातु रोड–1 | 9431135665 |
| 49 | | कनीय विद्युत अभियंता रातु रोड–2 | 9431529415 |
| 50 | | कनीय विद्युत अभियंता पिसका मोड़ | 9431135667 |
| 51 | | कनीय विद्युत अभियंता माण्डर | 9431135677 |
| 52 | | कनीय विद्युत अभियंता बचारा | 7488640370 |
| 53 | | कनीय विद्युत अभियंता रातु चट्टी | 9431135678 |
| 54 | | कनीय विद्युत अभियंता इटकी | 9431135679 |
| 55 | विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल न्यू कैपिटल | विद्युत कार्यपालक अभियंता न्यू कैपिटल | 9431135620 |
| 56 | | सहायक विद्युत अभियंता कांके | 9431135629 |
| 57 | | सहायक विद्युत अभियंता अपर बजार | 9431135628 |
| 58 | | कनीय विद्युत अभियंता कांके | 9431135663 |
| 59 | | कनीय विद्युत अभियंता नगर | 9431135681 |
| 60 | | कनीय विद्युत अभियंता कचहरी | 9431135660 |
| 61 | | कनीय विद्युत अभियंता पहाड़ी | 9431135680 |
| 62 | | कनीय विद्युत अभियंता अपर बजार | 9431135661 |
| 63 | विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल खूँटी | विद्युत कार्यपालक अभियंता खूँटी | 9431135616 |
| 64 | | सहायक विद्युत अभियंता खूँटी | 9431135636 |
| 65 | | सहायक विद्युत अभियंता तोरपा | 9431135637 |
| 66 | | कनीय विद्युत अभियंता खूँटी | 9431135683 |

आपात स्थिती में अधोहस्ताक्षी के मोबाइल नं०–9431135662 में भी सम्पर्क किया जा सकता है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह0/–
विद्युत अधीक्षण अभियंता
विद्युत आपूर्ति अंचल, रॉंची

PR 338342 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 6 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 34 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ अनन्या पांडे बनाम पारूल यादव

बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना ◀◀ 6




दुर्गा पूजा पर पंडालों के पट खुले, मां का दर्शन कर भक्त हुए निहाल ।

## केस मैनेज करने का मामला: झारखंड में आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी की रेड

**मेट्रो रेज**

**रांची/धनबाद:** राजधानी रांची और धनबाद में एक बार फिर से ईडी ने दबिश दी है। ईडी का केस मैनेज के नाम पर हुई करोड़ों की वसूली मामले में राजधानी रांची और धनबाद के छह से ज्यादा ठिकानों पर ईडी की रेड जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रांची में पांच और धनबाद में दो से तीन स्थानों पर ईडी की रेड चल रही है। जिनके यहां रेड चल रही है उनमें तीन अंचल अधिकारी और कुछ अधिवक्ता शामिल हैं।



### पंडरा में दर्ज हुई थी एफआईआर

ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धनबाद डीटीओ सहित रांची में छह स्थानों पर रेड चल रही है। पूरा मामला ईडी के केस को मैनेज करने को लेकर करोड़ों की वसूली से जुड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर दो दिन पूर्व ही रांची के पंडरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसकी एफआईआर संख्या 0508 है, जो 6 अक्टूबर को दर्ज कराइई गई है। इसी एफआईआर के आधार पर ईडी ईसीआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### क्यों दर्ज हुई थी एफआईआर

दरअसल कांके जमीन घोटाले में गिरफ्तार किए गए कमलेश के करीबी जमीन कारोबारी संजीव पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर वकील सुजीत कुमार पर 6 करोड़ रुपए ठगी करने का आरोप लगाया है। संजीव पांडे ने सुजीत कुमार के खिलाफ दो दिन पूर्व पंडरा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई है। अपने आवेदन में संजीव पांडे ने लिखा है कि जो रुपए ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता को दिए गए थे, उसमें कांके सीओ जयकुमार राम ने अमन नाम के एक आदमी से तीन करोड़ 40 लाख नगद, एक आईफोन दिया गया था।

वहीं कांके के पूर्व सीओ और वतार्मान धनबाद डीटीओ दिवाकर द्विवेदी ने अपने भाई के माध्यम से एक करोड़ रुपए तथा नामकुम के पूर्व सीओ प्रभात भूषण सिंह ने एक करोड़ रुपए दिए थे। इसके बावजूद ईडी की चार्जशीट में सभी का नाम आ गया। जब पैसे अधिवक्ता से वापस मांगे गए तब उसने किस्तों में पैसे देने की बात कही थी, लेकिन बाद में अधिवक्ता के द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों पर अपहरण का मामला दर्ज करवा दिया गया। रांची पुलिस अभी मामले की जांच ही कर रही थी तब तक इसमें ईडी की एंट्री हो गई। पंडरा में दर्ज एफआईआर में जितने भी लोगों के नाम हैं सबके ठिकाने पर ईडी रेड कर रही है। ईडी रांची के साथ-साथ धनबाद में भी छापेमारी कर रही है। सीओ, डीटीओ और अधिवक्ता के ठिकाने पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी ईडी कैस मैनेज करने के मामले से जुड़ा है। धनबाद डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी के झाड़ूडीह स्थित आवास पर ईडी ने दबिश दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम को मोटी रकम और कई अहम कागजात मिले हैं। अभी भी ईडी की छापेमारी चल रही है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज, दिव्यांग और विधवा पेंशन योजना के संशोधन प्रस्ताव पर लग सकती है मुहर

**रांची:** आज झारखंड कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। यह बैठक शाम 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में आयोजित होगी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक बैठक में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के क्रियान्वयन में संशोधन करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति मिल सकती है। सरकार के विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के तहत काम कर रहे कर्मियों के हित में सरकार बड़ा फैसला ले सकती है।

### इन प्रस्तावों पर भी लग सकती है मुहर

**बैठक** में राज्य के सरकारी भवनों, कार्यालयों, न्यायमंडलों एवं केंद्रीय उपक्रमों में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए ऊर्जा सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि को वेब-ऑफ करने, जगन्नाथपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में स्टेट ऑफ आर्ट संस्थान विकसित करने, 2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्रों को सामान्य केंद्रों में उत्क्रमण करने, राज्य वित्त आयोग (अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति, सेवा शर्त एवं प्रक्रिया) नियमावली 2022 में संशोधन करने, सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए स्कूल डायरी छापने और बांटने की स्वीकृति आदि का प्रस्ताव पर भी मंजूरी मिलने की संभावना है।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम

## बीजेपी 51 सीटों पर आगे जबकि कांग्रेस 33 सीटों पर आगे

**चंडीगढ :** हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। रूझानों में भारतीय जनता पार्टी आगे चल रही है, जबकि कांग्रेस पीछे है । कांग्रेस पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज कर ली है जबकि 33 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि बीजेपी 51 सीटों पर आगे चल रही है । जबकि अन्य 5 पर आगे चल रही है। आपको बता दे कि 90 सीटों पर 5 अक्टूबर को मतदान हुआ था।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं जब हरियाणा से चुनाव प्रचार करके लौटा था और तब मैंने कहा था कि हरियाणा में भाजपा की शानदार विजय होगी। मैंने यह केवल ऐसे ही नहीं कह दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के जो काम हो रहे हैं उसका असर हरियाणा में साफ दिखाई दे रहा था। कांग्रेस हवा



में उड़ रही थी लेकिन भाजपा ने अपने कामों के आधार पर जनता से वोट मांगे।।। आज ऐसे परिणाम आ रहे हैं कि कांग्रेस तीसरे स्थान पर चली गई है। इन परिणामों ने ये साबित कर दिया है कि जनता ठोस कामों को ही आशीर्वाद देती है। पिछले दिनों किसानों के हित में जो काम हुए वो अभूतपूर्व हैं। कांग्रेस ने ऐसे काम कभी नहीं किए। कांग्रेस समाज को कितनी भी तोड़ने की कोशिश कर ले लेकिन उनके इरादे कभी सफल नहीं होंगे। देश, हरियाणा आज पीएम मोदी के पीछे खड़ा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, ऐसा पहली बार हो रहा है कि चैनल अपने रिपोर्टर के आंकड़े नहीं बल्कि चुनाव आयोग के आंकड़े दिखा रहे हैं और चुनाव आयोग के आंकड़े 4 या 5वें राउंड के हैं जबकि हमारे कंट्रोल रूम से 11/12 राउंड के आंकड़े आ चुके हैं। 4 राउंड के बाद विनेश फोगाट को पीछे दिखाया गया लेकिन 9 राउंड के बाद वो 5200 वोटों से आगे हैं। आंकड़ों में इस अंतर को लेकर हमारे महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर चुनाव आयोग से पूछा है कि स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाने की ये क्या कोशिश है? हम चुनाव आयोग से इस पर तुरंत कार्रवाई करने और रुझानों को अपडेट करने की मांग कर रहे हैं। अंबाला कैंट विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने कहा,₹जैसा हमने सोचा था वैसे ही नतीजे आ रहे हैं, कांग्रेस को हरियाणा की जनता अच्छी तरह सबक सिखाती नजर आ रही है।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम

## कांग्रेस गठबंधन 49 सीटों पर आगे, बीजेपी 27 सीटों पर आगे

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है । शुरूआती रूझानों में कांग्रेस गठबंधन आगे चल रही है । कांग्रेस गठबंधन 49 सीटों पर आगे है ,जबकि बीजेपी 27 सीटों पर आगे चल रही है। पीडीपी 2 सीटों पर आगे चल रही है । अन्य 10 सीटों पर आगे चल रहे है। भारतीय जनता पार्टी ने बशोली सीट पर जीत दर्ज कर ली है ।

## मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद, हथगोला और मशीन गन भी मिली

**मणिपुर:** भारतीय सेना, असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा 4 से 6 अक्टूबर तक मणिपुर के कई जिलों में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया। चूराचांदपुर, काकचिंग और थौबल जिलों में गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान समेत कुल 18 हथियार बरामद किए गए। 4 अक्टूबर को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर में एक अभियान चलाया, जिसमें एक 9 एमएम पिस्तौल, पांच सिंगल बैरल राइफल और पांच इम्प्रोवाइज्ड भारी मोर्टार बरामद किए गए। अगले दिन खुफिया जानकारी के आधार पर काकचिंग जिले में एक संयुक्त अभियान में तीन कार्बाइन मशीन गन, एक 9 एमएम पिस्तौल, दो सिंगल बैरल राइफल, हैंड ग्रेनेड और युद्ध के सामान बरामद किए गए।

### मणिपुर के काकचिंग में भी विस्फोटक का जखीरा जब्त

मणिपुर के काकचिंग और थौबल जिलों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक का जखीरा जब्त किया है। सोमवार को पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने पांच अक्टूबर को काकचिंग जिले के वबागई नतेखोंग तुरेनमेई इलाके में तलाशी अभियान के दौरान मैगजीन के साथ तीन कार्बाइन, एक एयर गन राइफल और नौ मिमी की पिस्तौल, दो सिंगल बैरल बंदूकें, 14 ग्रेनेड, एक 51 मिमी का मोर्टार, दो एमके-तृतीय ग्रेनेड, 4.1755 किलोग्राम विस्फोटक आईईडी का एक संदिग्ध कंटेनर जब्त किया।

## उत्तरप्रदेश: रायबरेली में ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश, ट्रैक पर मिट्टी डालकर भागा अज्ञात डंपर



**रायबरेली :** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में रेलवे ट्रैक पर मिट्टी का ढेर रख कर ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश हुई है। हालांकि, ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार, घटना रविवार की शाम लगभग 7:55 बजे की है, जब एक अज्ञात डंपर रेलवे ट्रैक पर मिट्टी डालकर फरार हो गया। गनीमत रही की रायबरेली से रघुराजपुर की तरफ जा रही शटल ट्रेन संख्या 05251 की स्पीड कम थी, वरना मिट्टी के ढेर की वजह से ट्रेन पटरी से उतर सकती थी और एक बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना के बाद ड्राइवर ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को रोका और रेलवे अधिकारियों को जानकारी दी। फिलहाल पुलिस डंपर ड्राइवर की तलाश में जुटी हुई है। इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें रात के समय डंपर से मिट्टी ढुलाई का काम किया जाता है। रविवार की देर शाम भी एक चालक डंपर से मिट्टी लेकर जा रहा था। लेकिन इसी बीच वो अचानक रेलवे ट्रैक पर मिट्टी डालकर खीरों की ओर डंपर लेकर भाग गया। उसी के थोड़ी देर बाद रायबरेली से रघुराज सिंह स्टेशन के बीच चलने वाली शटल ट्रेन पहुंची, लेकिन लोको पायलट ने रेलवे ट्रैक पर मिट्टी देखी तो पहले ही ट्रेन को रोक दिया। कुछ दूरी पर स्टेशन होने के कारण ट्रेन की रफ्तार भी कम थी। लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। रेलवे ट्रैक से मिट्टी हटाने के बाद काफी धीमी गति से ट्रेन को निकाला गया। इस दौरान मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी एकत्र हो गई।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि आज से जाएगी खाते में

**मेट्रो रेज**

**रांची :** दुर्गा पूजा के अवसर पर महिलाओं के लिए खुशखबरी है। मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त की राशि मंगलवार से जाना शुरू हो जाएगा। पहले दो किस्त की राशि लाभुकों के बीच वितरण की जा चुकी है। पहली किस्त की राशि रक्षा बंधन में तो दूसरी किस्त की राशि करम पर्व पर हस्तांतरित हो चुकी है। सरकार की इस स्कीम से अब 18 से 50 साल तक की महिला भी जुड़ेंगी। इसके लिए सरकार राज्य के सभी महाविद्यालयों में कैंप लगायेगी।

### सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर दी थी जानकारी

बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को ट्वीट कर राशि भेजने की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा था कि नवरात्रि के पवन बेला में कल वीरभूमि लोहरदगा से मंईयां सम्मान राशि की तीसरी किश्त बहनों के खाते में सीधे पहुंचेगी। पिछले 2 महीने में सम्मान राशि की यह तीसरी किश्त हम रिकार्ड समय में आप तक भेज पायें हैं। उन्होंने आगे अपने पोस्ट में लिखा कि अगर केंद्र सरकार हमारा अपना, हर राज्यवासी का 1 लाख 36 हजार




करोड़ रुपये वापस कर दें, तो तत्काल हम यह सम्मान राशि दुगनी से अधिक कर देंगे।

### क्या बढ़ेगी मंइयां सम्मान योजना की राशि ?

सीएम हेमंत सोरेन के अलावा झारखंड सरकार में मंत्री बेबी देवी ने भी योजना की राशि बढ़ाने की बात की। दरअसल वे इन दिनों वे मंईयां सम्मान यात्रा के तहत गुमला जिले में है। रविवार को सिमडेगा, कोलेबिरा और गुमला जिले में कार्यक्रमों में आयोजन किया गया। इस दौरान ने उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों के लिए सोच रही है। उनको आर्थिक संबल दे रही है। सरकार जल्द ही सम्मान राशि में इजाफा करेगी।

झारखंड के विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जमा किये गये आवेदन में खामी पाये जाने के बाद कई आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया था। इसके बाद आवेदकों ने प्रखंड कार्यालय जाकर बैंक अकाउंट व नाम संबंधी गलतियों को दुरुस्त किया और फिर से आवेदन जमा किया। लेकिन, पिछले एक सप्ताह से पोर्टल बंद है, जिसकी वजह से आवेदक फॉर्म में हुई गलतियों को दुरुस्त कर अपलोड नहीं कर पा रहे हैं।

### सुविचार

मनुष्य का बड़ा होना अच्छी बात है लेकिन उसके व्यक्तित्व में गहराई और विचारों में शुद्धता भी होनी चाहिए तभी वह महान बनता है।

## आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर

**प्राकृतिक** आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला क्षेत्र इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए। आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुई। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है।

बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्त बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं। आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है। केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हरसंभव मदद पहुंचाई। होना भी यही चाहिए। आपदाओं के वक्त ये नहीं देखना चाहिए कि प्रदेश में किस दल की सरकार है। वहां तकाजा सिर्फ मानवता का होना चाहिए।

गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है। यही कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। लोगों का अगर रक्षा एवं बचाव दलों के साथ समन्वय होगा, तो परिणाम और अच्छे निकलेंगे।

केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। इसके कर्मचारी अब भगवा रंग में दिखने लगे हैं। आपदाओं के वक्त इनके आने से लोग समझ जाते हैं कि हालात नियंत्रण में आ जाएंगे। यही भरोसा किसी भी आपदा रक्षा बल की ताकत होता है। फिर भी 140 करोड़ के देश में प्रकृति से अधिक मानव निर्मित आपदाएं आती ही रहती हैं, जिसमें 16,000 जवानों वाले एनडीआरएफ ने जिस प्रकार से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है उसके कारण आज भारत आपदाओं से बचाव में आत्मनिर्भर दिखने लगा है। पिछले साल नवंबर में उत्तराखंड के टनल हादसे में जिस प्रकार एनडीआरएफ की अगुवाई में राहत एवं बचाव कार्य किया गया, वह आपदाकालीन परिस्थितियों में राहत व बचाव कार्यों के क्षेत्र में दुनिया के लिए मिसाल बन गया। भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण हर जगह हिमस्खलन, भूस्खलन, बाढ़ और तूफान जैसे खतरे बढ़ने वाले हैं। जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने पृथ्वी मंत्रालय का गठन कर वैज्ञानिक सूचनाओं का सहारा लेकर जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया है। केंद्र सरकार ने एनडीआरएफ को और मजबूत बनाने के लिए अधिक धन भी आवंटित किया है। देश ही नहीं विदेशों में भी जब कोई बड़ी आपदा आती है तो एनडीआरएफ को याद किया जाता है। निश्चित रूप से 20 साल से कम समय में एनडीआरएफ ने आपदा में बचाव का जो रिकॉर्ड बनाया है, उसमें वर्तमान केंद्र सरकार की स्पष्ट नीति और बल को सशक्त बनाने के लिए किया जाने वाला उपाय शामिल है।

# बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना

भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे।

**भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस पर विशेष**




**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा।

एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था। राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है।

रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं।

भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मुइज्जू को आखिर आना पड़ा दिल्ली की शरण में

इस समय मालदीव के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है। 1,000 से अधिक द्वीप गायब होने की स्थिति में हैं। विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी की है कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होता जाएगा, बर्फ की परत पिघलेगी और महासागरों का जलस्तर बढ़ेगा तो मालदीव के बहुत सारे द्वीपों का अस्तित्व नहीं बचेगा। ऐसे में कोई बचाव या पुनर्स्थापन की आशा भी मालदीव भारत से ही करेगा।

**बिक्रम उपाध्याय**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू दिल्ली में हैं और छह महीने के भीतर उनकी यह दूसरी भारत यात्रा है। जून में वह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे शपथग्रहण समारोह में आए थे। लेकिन ताजा यात्रा का उद्देश्य दूसरा है। इस बार मुइज्जू बड़ी उम्मीद और याचना के साथ आए हैं। वह भारत से अपने देश के आर्थिक संकट से निबटने के लिए मदद मांगने आए हैं। यह वही मुइज्जू हैं जो राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए भारत के खिलाफ अभियान लेकर मैदान में उतरे थे। मालदीव की रक्षा के लिए वहाँ ठहरे भारतीय सैनिकों को अपने देश से निकाल बाहर करने की जिद ठान कर मुइज्जू ने संबंधों में गांठ डाल दी थी।

चीन को खुश करने के लिए मुइज्जू और उनके कुछ मंत्री प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपशब्द बोल रहे थे। अब वही मुइज्जू उम्मीद कर रहे हैं कि भारत उनको करोड़ों डॉलर के बेलआउट पैकेज दे दे, क्योंकि चीन अपनी आदत के अनुसार मुइज्जू को भी ठेंगा दिखा चुका है। चीन अपने कथित दोस्तों को भी भारी सूद पर पैसा देता है और स्थिति यह है कि मालदीव कर्ज की वर्तमान देनदारी को भी देने की स्थिति में नहीं है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि मालदीव डिफॉल्ट की कगार पर पहुँच गया है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 440 मिलियन डॉलर (ख्334 मिलियन) रह गया है। यानी आने वाले दिनों में मालदीव जरूरी आयात के भुगतान के लिए भी संघर्ष करेगा।

मुइज्जू ने दिल्ली रवाना होने से पहले बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत, मालदीव की वित्तीय स्थिति से पूरी तरह वाकिफ है और उन्हें उम्मीद है कि उनके बोझ को कम करने के लिए नई दिल्ली बेहतर विकल्प और समाधान देने को तैयार होगा। नई दिल्ली के प्रति मुइज्जू का यह लहजा बताता है कि अपने चुनाव अभियान के दौरान जो रुख उन्होंने भारत के प्रति दिखाया था, उससे उनको अब शर्मिंदगी महसूस हो रही है। ह्लभारत को बाहर करोह्व की उनकी पुरानी नीति अब जरूरत पड़ते ही बदल गई है। इसीलिए अब वह अफसोस के साथ कह रहे हैं कि किसी भी मतभेद को खुले संवाद और आपसी समझ के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है। मुइज्जू के भारत के प्रति बदले सुर के पीछे असली वजह है मालदीव का आर्थिक संकट। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग घटा दी है और डिफॉल्ट जोखिम बढ़ने की ओर इशारा भी किया है। अब मुइज्जू के सामने दो ही विकल्प हैं- या तो वह डिफॉल्ट से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम में जाए या फिर किसी दोस्त मुल्क से बेल आउट पैकेज के लिए निवेदन करें। मूडीज के अनुसार मालदीव को 2025 में लगभग \$600 मिलियन और 2026 में \$1 बिलियन से अधिक की रकम ऋण के पुनर्भुगतान और ब्याज सेवा के लिए चाहिए। मुइज्जू सरकार के लिए इस संकट से उबरने के लिए धन जुटाना आसान नहीं है। तभी तो मुइज्जू दिल्ली की यात्रा पर आए हैं। चूंकि भारत ने पहले भी मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 बिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश की थी इसलिए मुइज्जू को उम्मीद भारत से ही है। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में मुइज्जू जब सत्ता में आए थे तो कुछ ही समय में मालदीव और भारत के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे और उसके एकमात्र जिम्मेदार खुद मुइज्जू थे। पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने भारत के बजाय तुर्की और चीन से दोस्ती को ज्यादा अहमियत दी थी। वह उन दोनों देशों की यात्रा पर गए। उन्होंने भारत का अपमान करने का रास्ता चुना। यही नहीं, मालदीव के तीन अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में व्यक्तिगत अपमानजनक टिप्पणी की। मुइज्जू ने भारत द्वारा दिए गए दो बचाव और टोही हेलीकॉप्टरों और एक डोर्नियर विमान के रखरखाव व संचालन के लिए वहां तैनात लगभग 80 सैनिकों को वापस बुलाने का अल्टीमेटम भी भारत को दिया। दूसरी तरफ भारत ने संबंधों की मयार्दा रखते हुए विमान को संचालित करने के लिए सैनिकों की जगह भारतीय नागरिक तकनीकी कर्मचारियों को रखने पर सहमति जताते हुए मालदीव के साथ नए समझौते पर सहमति भी दे दी। भारत को नीचा दिखाने के लिए मुइज्जू ने भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू करने से मना कर दिया और चीनी अनुसंधान जहाज, जियांग यांग होंग 3 को बंदरगाह पर आने की अनुमति दे दी। चीनी जहाज के मालदीव बंदरगाह पर आने से नया तनाव पैदा हुआ। मुइज्जू के इन फैसलों के पीछे सिर्फ यह सोच थी कि मालदीव में दिल्ली के प्रभाव को कम किया जाए और प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने पर जोर दिया जाए। बावजूद इसके भारत सरकार ने संयम से काम लिया, लेकिन भारतीय नागरिकों ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई। मालदीव के इस वैमनस्य भाव का जवाब देते हुए भारतीय पर्यटकों ने एक तरह से मालदीव का बहिष्कार कर दिया। मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई और उनकी पर्यटन की कमाई एकदम से आधी हो गई। मालदीव को बीजिंग के करीब लाने के मुइज्जू के प्रयासों के बावजूद चीन से वित्तीय सहायता मालदीव को नहीं मिल रही। हालांकि चीन ने यह इशारा किया है कि वह अपने ऋण भुगतान को कुछ समय के लिए आगे बढ़ा देगा, लेकिन मालदीव को बीजिंग कोई बेल आउट पैकेज देगा, इसकी कोई चर्चा अभी नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का यह बयान कि चीन हमेशा की तरह अपनी क्षमता के अनुसार मालदीव के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए समर्थन और सहायता प्रदान करेगा, केवल दिखावा ही लग रहा है।

इस समय मालदीव के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है। 1,000 से अधिक द्वीप गायब होने की स्थिति में हैं। विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी की है कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होता जाएगा, बर्फ की परत पिघलेगी और महासागरों का जलस्तर बढ़ेगा तो मालदीव के बहुत सारे द्वीपों का अस्तित्व नहीं बचेगा। ऐसे में कोई बचाव या पुनर्स्थापन की आशा भी मालदीव भारत से ही करेगा।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है

**अध्यात्म**



प्राचीन नीति शास्त्र और ग्रंथों में भाग्य का महत्व स्वीकार किया गया है, लेकिन यह भी बताया गया है कि भाग्य के साथ-साथ कर्म यानि प्रयास और पुरुषार्थ का भी बड़ा महत्व है। पंचतंत्र की एक कथा का सार भाग्य और पुरुषार्थ के रहस्य को बताता है, कथा अनुसार एक अज्ञानी व्यक्ति सोचता है कि वह बिना मेहनत किए राजा के समान जी सकता है, लेकिन उसे यह बाद में पता चलता है कि बिना कर्म के सिर्फ भाग्य पर भरोसा करने से कुछ नहीं होता। इसलिए नीति शास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य का भविष्य उसके हाथ में ही होता है और यदि वह सही दिशा में प्रयास करें तो वह अपने भाग्य को बदल सकता है। भाग्य और पुरुषार्थ के संतुलन को महत्वपूर्ण माना गया है। भाग्य व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा है लेकिन सही समय पर सही कर्म और बुद्धिमानी से निर्णय लेना भी आवश्यक है। मनुस्मृति के अनुसार अगर व्यक्ति निष्क्रिय होकर सिर्फ भाग्य का इंतजार करता है, तो वह असफल हो सकता है। कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है। भाग्य से प्राप्त होने वाली परिस्थितियां हमारे वश में नहीं होती, लेकिन उन पर प्रतिक्रिया कैसे देनी है, यह हमारे हाथ में होता है। अर्जुन का उदाहरण इस बात को स्पष्ट करता है, कि भाग्य महत्वपूर्ण है, लेकिन बिना पुरुषार्थ के सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। महाभारत के अनुसार पुरुषार्थी, भाग्य के अनुसार प्रतिष्ठा पाता है, पर अकर्मण्य असह्य दुःख भोगता है। भाग्य परिस्थितियों को निर्धारित कर सकता है, लेकिन व्यक्ति के कर्म ही उसके परिणाम को प्रभावित करते हैं। भाग्य और कर्म दोनों साथ-साथ चलते हैं, लेकिन कर्म करने वाला ही भाग्य के साथ सफल होता है। पंचतंत्र के अनुसार मनुष्य को जिस वस्तु की प्राप्ति होनी है, वह अवश्य होगी, उसमें भाग्य भी बाधा नहीं डाल सकता। जो हमारा है, वह किसी अन्य का नहीं हो सकता। कर्म और भाग्य रहस्य को समझना अत्यन्त कठिन है, इसलिए बस ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से सही दिशा जानकर कर्म करते रहें, परिणाम खुद चलकर आपके पास आएगा।

### पत्र

## बिहार में नदियों के पानी का लेवल घटा है, मुसीबत नहीं!

बिहार में कुछ नदियों का जलस्तर घटने के बावजूद कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बरकरार है। पटना और उसके आसपास के इलाकों में गंगा नदी का जलस्तर घट रहा है लेकिन अन्य जिलों में कई नदियों में जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में रहने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, गंगा के किनारे लगभग 12 जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है और निचले इलाकों में रहने वाले लगभग 12.67 लाख लोग और कुल 361 ग्राम पंचायतें प्रभावित हुई हैं। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, इन जिलों की संबंधित जिलों द्वारा बचाव और राहत कार्यों में लगभग 1400 नावों का उपयोग किया जा रहा है। इन 12 जिलों में सरकार द्वारा कुल आठ राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। निचले इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों को निकालकर शिविरों में लाया गया है। बिहार के इन 12 बाढ़ प्रभावित जिलों में बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार शामिल हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को हाजीपुर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बनाए गए राहत शिविर का दौरा किया और अधिकारियों को सहायता और राहत प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

**विशाल, पटना**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# पाकुड़ सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों का हंगामा, डॉक्टरों के साथ की मारपीट

मेट्रो रेज



**पाकुड़ :** जिले के सदर अस्पताल में कैंसर मरीज की मौत के बाद परिजनों द्वारा डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट की सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। घटना को अंजाम देने के बाद मारपीट में शामिल लोग भाग निकले।

दरअसल, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के करियोडीह गांव निवासी 39 वर्षीय मंजू देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। महिला की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ड्यूटी पर तैनात डॉ आनंद कुमार, डॉ फारूक और डॉ अमित कुमार की पिटाई कर दी।

**लिखित शिकायत के बाद पुलिस करेगी कार्रवाई :** नगर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद ने बताया कि मृतका के परिजन अस्पताल में हंगामा कर रहे थे, जिसे शांत करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक डॉक्टरों के साथ मारपीट को लेकर किसी ने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है, शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### महिला का चल रहा था कैंसर का इलाज

अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक विकर्ण कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सनातन मांझी दल बल के साथ पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार ने बताया कि मरीज मंजू देवी को कैंसर था और पांच साल से बाहर इलाज चल रहा था। आज उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे लेकर नहीं गए, बावजूद इलाज जारी रहा।

### बीच-बचाव करने आए डॉक्टरों से भी की गई मारपीट

उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आनंद कुमार और डॉ फारूक की पिटाई शुरू कर दी। जब डॉ अमित कुमार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की की गई। उन्होंने बताया कि मरीज के परिजन प्रतिदिन मारपीट कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य कर्मी और डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं, ऐसी स्थिति में मरीजों का इलाज करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी बैठक करेंगे और इस पर निर्णय लिया जाएगा।

# बेटियां आज बेटों से अधिक ऊर्जावान हैं : उपायुक्त

मेट्रो रेज

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को पंडित दिन दयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उपायुक्त और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया. इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तहत शी बॉक्स का इनॉग्रेशन एवं विभागीय योजनाओं से जानकारी के लिए पुस्तिका का अनावरण उपायुक्त के द्वारा किया गया. उपायुक्त ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव की भावना को दूर करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता एवं बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है.

डीसी ने कहा कि बेटियां नागरिक सेवाएं, खेल-कूद एवं अन्य सभी क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन कर रही हैं. बेटियां आज बेटों से अधिक ऊजार्वान हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है. हम सभी बेटियों के सार्वांगिक विकास और विकास के सर्वोत्तम शिखर में बेटियों का स्थान दिलाने, उसकी सुरक्षा, सम्मान, प्रतिष्ठा और प्रोत्साहन देकर अपनी महती जिम्मेवारी निभानी होगी. बेटियों की उज्जवल भविष्य के लिए राज्य और केन्द्र सरकार तत्पर है. सरकार बेटियों के लिए कई योजनाएं चला रही है. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, तेजस्वनी योजना, सुकन्या योजना समेत अन्य योजना चलाई जा रही हैं. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने मासिक धर्म एवं स्वच्छता विषय पर जानकारी दिया. उपायुक्त व अतिथियों द्वारा विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत दो लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया. सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत पांच छात्राओं के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया.

# जनता भाजपा को गो गो करके भगाएगी : मंत्री मिथिलेश

मेट्रो रेज




**गढ़वा :** पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि भाजपा का मतलब सबसे बड़ा झूठा पार्टी है। भाजपा हमारे झारखंड की आदिवासियों की सरकार को जानबूझकर परेशान कर यहां के लोगों के साथ नाइंसाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 11 लाख राशन उपभोक्ताओं का राशन काट दिया। परंतु झारखंड की हेमंत सरकार ने 20 लाख लोगों को राशन देने का काम किया है। साथ ही नए सत्र में 5 लाख और नए लोगों को राशन देने का प्रावधान किया गया है। मंत्री ठाकुर गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका के मैदान में सोमवार को आयोजित झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां योजना के तहत झारखंड के 18 वर्ष से 49 वर्ष आयु की बेटी, बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए देने की शुरूआत की गई है। इसे रोकने के लिए भाजपा कोर्ट में केस कर गरीबों के विकास योजनाओं को बंद कराना चाहती है।

उन्होंने कहा कि राज्य में पलायन की एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसे रोकने के लिए झारखंड सरकार पहल कर रही है। झारखंड सरकार का कार्यकाल 2 वर्षों तक कोरोना काल में बीता। 3 वर्षों में हेमंत सरकार ने इतना कार्य किया है जिसको देखकर विरोधी पार्टी घबरा गए हैं। भाजपा गो गो योजना का लॉलीपॉप दिखलाकर झारखंड से अपने जाने का रास्ता साफ कर रही है। यहां की जनता भाजपा को गो गो कर-के भगाएगी।

उन्होंने कहा कि यहां के पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने केवल जनता को लूटने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी द्वारा मुझे गाली दे दे कर हमारी विकास योजनाओं को गिनाया जा रहा है। जबकि गिरिनाथ भईया दल -बदलू बन के रह गए। कभी राजद, कभी कांग्रेस, कभी बीजेपी और अब बिना पार्टी वाले होकर रह गये। 17 वर्ष तक विधायक रहे, रंका में कुछ नहीं किया। 20 वर्ष तक उनके पिताजी भी विधायक रहे और रंका के लोगों को ठगते रहे।

मौके पर मुख्य रूप से बाल श्रम आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष रंका गढ़ के दिलीप कुमार सिंह सहित एक हजार से अधिक लोगां ने भाजपा, एआईएमआईएम आदि दलों को छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मंत्री का पारंपरिक नृत्य, गीत, बड़ा माला एवं बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, जिला पार्षद उत्तरी संपूणानंद तिवारी, राहुल कुमार तिवारी, पप्पू यादव, शंभू प्रसाद गुप्ता, अहमद अली अंसारी, विवेक कुमार सिंह, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया आदि उपस्थित थे।

# जिला स्थापना समिति की रिवाइज सूची बनाने का निर्देश

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्थापना समिति,अनुकम्पा समिति, शिक्षा स्थापना समिति, स्वास्थ्य स्थापना समिति, चौकीदार स्थापना समिति तथा सभी विभागों में रिक्त पदों को भरने हेतु महत्त्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।उपायुक्त ने पिछले स्थापना समिति के बैठक में लिए गए निर्णय की कार्रवाई के विषय में विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।जिला स्थापना समिति अंतर्गत कुल 14 मामले उपायुक्त के समक्ष रखे गए अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु मामलों को समिति के समक्ष रखा गया।जिला स्थापना समिति अंतर्गत 14 मामलों को समिति के समक्ष रखा गया जीस पर कुल 04 आवेदन पर उपायुक्त द्वारा स्वीकृत किया गया।जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय , पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय, कल्याण विभाग , ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से एक-एक मामले पर विचार करते हुए अग्रेतर कार्रवाही हेतु आवश्यक एवं उचित निर्देश दिया गया। बैठक में एक मामला का निष्पादन कर दिया गया उपायुक्त ने निष्पादित मामलों के अनुशंसा की अनुमति देते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।उपायुक्त श्री सती ने बचे हुए लंबित मामलों पर चर्चा करते हुए बाकी मामलों की स्पष्ट रिपोर्ट तैयार करने एवं उनके जिला स्थापना समिति की रिवाइज सूची बनाने का भी निर्देश दिया उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से लंबित मामलों का अग्रेतार कार्रवाई कर पूर्ण करने का निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालीया,जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश एवं अन्य उपस्थित थे।

# जिला परियोजना अधिकारी के पद की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार



**साहिबगंज/ मेट्रो रेज :** नमामि गंगे परियोजना के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली के दिशा निदेश पर जिला परियोजना अधिकारी की नियुक्ति संबंधित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार में जिला परियोजना अधिकारी की नियुक्ति हेतु कुल 10 उम्मीदवारों ने आज भाग लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, डॉ रंजीत कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# चतरा में टीएसपीसी समर्थक गिरफ्तार, दो देसी हथियार बरामद



मेट्रो रेज

**चतरा :** जिले में नक्सली संगठन टीएसपीसी को बड़ा झटका लगा है। पुलिस ने एक टीएसपीसी समर्थक को धर दबोचा है। चतरा एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लावालौंग थाना क्षेत्र के ग्राम कटिया वेला के करमटांड़ गांव के एक घर से 315 के दो देसी हथियार के साथ नक्सली संगठन टीएसपीसी के एक समर्थक को गिरफ्तार किया है।

सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि जितेन्द्र कुमार पिता विरुजु गंझु ने अपने घर में अवैध हथियार रखा हुआ है। सूचना के आधार पर सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और पुलिस निरीक्षक उमेश राम के निर्देश पर लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया।

उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी रूपेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ग्राम करिया वेला करमटांड़ स्थित जितेन्द्र कुमार के घर पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही जितेन्द्र कुमार घर से भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस टीम के द्वारा उसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि तालाशी के क्रम में जितेन्द्र के घर के कमरे में छिपा हुआ 315 बोर का दो देसी हथियार बरामद किया गया। इस मामले में नामजद अभियुक्त जितेन्द्र कुमार और अन्य नक्सली के खिलाफ लावालौंग थाना कांड संख्या सं0-64/24, धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट & 170) सीएलए एक्ट दर्ज किया गया है।

# बरहरवा की सिमरन ने मेडल जीतकर किया नाम रौशन

मेट्रो रेज




**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड सरकार के अधीन खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय स्कूली एजिएफआई 2024-25 ताइक्वांडो राँची में चार एवं पांच अक्टूबर को खेल कूद प्रयियोगिता का आयोजन किया गया था,जिसमें बरहरवा की बेटी सिमरन कुमारी झा 14 वर्ष पिता-सुरेन्द्र झा हाटपाडा ने ब्रोंच मैडल हासिल कर अपने माता पिता स्कूल एवं बरहरवा नगर का नाम रौशन की है।जानकारी के अनुसार सिमरन डिवाइन पब्लिक स्कूल देवघर में पढ़ाई कर रही है।जिसके अंतर्गत स्कूल द्वारा उक्त राज्य स्तरीय खेल में चयनित होकर कार्यक्रम में शामिल हुई और मेडल हासिल की है,सिमरन का मानना है मेहनत करने पर हर मकाम हासिल की जा सकती है।मौका मिले आगे भी वो खूब मेहनत करेगी और आगे राज्य और जिला ही नहीं बल्कि देश का भी नाम रौशन करेगी।सिमरन के पिता सुरेंद्र झा कहते है सामान्य परिवार से होने के बावजूद सिमरन बचपन से ही पढ़ाई लिखाई और खेल कूद में तेज है।उन्हें विश्वास है। कि उनकी बेटी एक दिन उच्चस्तरीय मकाम हासिल करेगी और देश का नाम दुनियाभर में रौशन करेगी जिसके लिए सिमरन और पूरा परिवार साथ खड़ा है,हालांकि मेडल जीतने के बाद सिमरन को ढेर सारी बधाईयाँ मिल रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### लड़की ने घर में फांसी लगा जीवन लीला की समाप्त



**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के एक अठारह वर्षीय लड़की पंखे से लटकता शव मिला है। घटना थाना क्षेत्र के मंडरो बेला टिकर की है। मृतक लड़की की पहचान पिता घनश्याम रामानी के पुत्री 18 वर्षीय नेहा कुमारी के रूप में हुई। मृतक लड़की ठाकुरगंगटी धमडी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करतीं थीं। मिजाचौकी पुलिस प्रशासन आने से पहले परिवार के लोगों द्वारा पंखे से उतारकर लाश को जमीन पर रख दिया गया था। घटना की सूचना पर सोमवार की सुबह पहुंची मिजाचौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया।। जानकारी के अनुसार मंडरो निवासी पिता घनश्याम रामानी माता कलावती देवी, के तीन पुत्र और एक पुत्री थी।दो पुत्र का शादी हो चुका है। घटना वाला दीन में पिता को छोड़कर सभी परिवार के सदस्य घरों में मौजूद था। सोमवार सुबह जगने के बाद दूसरे कमरे में पहुंचा तो अंदर से दरवाजा बंद पड़ा था। हल्ला करने के बाबजूद अंदर से कोई आवाज नहीं दिया जा रहा था। अंदर घुसा तो देखा परिवार लोग पंखे से लटकी हुई है। फंदे पर देखकर परिवार जनों का होश उड़ गए। घर में मृतका पिता मौजूद नहीं था। घटना की जानकारी परिवार जनों ने परिवार के मुखिया को दी परिवार सदस्य मृतका शव को फंदे से उतारकर जमीन में रखा गया। परिजनों का कहना है कि खुद भी समझ नहीं पा रहे हैं। कि लड़की ने फांसी क्यों लगाई।पुलिस मामले को गहन जांच पडताल करने में जुटी हुई है। मां परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके मिरजाचौकी पुलिस सोमडा लोहड़ा दल-बल के साथ पहुंच कर जांच में जुट गई थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही गुत्थी को सुलझा जा सकता है।

### केताबुद्दीन शेख विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी पेश की




**साहिबगंज :** राजमहल नगर पंचायत अध्यक्ष सह राजमहल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी केताबुद्दीन शेख रांची में झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रिया भट्टाचार्य व केंद्रीय महासचिव व दर्जा प्राप्त मंत्री विनोद कुमार पांडे से केंद्रीय कार्यालय रांची में में मुलाकात कर राजमहल विधानसभा 01 से महागठबंधन के तहत आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए, उम्मीदवार आवेदन शुल्क जमा कर रशिद प्राप्त किया। का कहना है कि खुद भी समझ नहीं पा रहे हैं। कि लड़की ने फांसी क्यों लगाई।पुलिस मामले को गहन जांच पडताल करने में जुटी हुई है। मां परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके मिरजाचौकी पुलिस सोमडा लोहड़ा दल-बल के साथ पहुंच कर जांच में जुट गई थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही गुत्थी को सुलझा जा सकता है।

### दुमका में बाइक चोरी के दो आरोपितों को भेजा जेल

**दुमका।** उप राजधानी दुमका की जामा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस एक बाईक चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए 18 बाईक बरामद करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने सोमवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में दी। एसपी खेरवार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में पाकुड़ जिला के पाकुड़िया थाना क्षेत्र के मोंगलाबांध गांव निवासी प्रवीर कुमार पाल एवं राजपोखर गांव निवासी आजाद अंसारी है। गिरफ्तार आरोपितों ने कई जगहों से बाईक चोरी करने की बात को स्वीकार किया। पुलिस उनकी निशानदेही पर कुल 18 बाईक बरामद करने में सफल रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार के बयान पर थाना कांड सं 82/2024 के तहत धारा-317(4)/317(5)/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बनकट मोड़ से देवरी खुर्द तक सड़क निर्माण में भारी अनियमितता

**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत अंतर्गत बनकट मोड़ से देवरी खुर्द तक सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। ग्रामीण कार्य विभाग, मेदिनीनगर प्रमंडल द्वारा राज्य संपोषित योजना के तहत 1.425 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण के लिए एक करोड़ 49 लाख रुपये का प्राक्कलन स्वीकृत किया गया था। इस सड़क का शिलान्यास 16 अगस्त को स्थानीय विधायक के कार्यकर्ता और मुखिया द्वारा प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर किया गया था। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण की प्रक्रिया की शुरूआत से ही घटिया कार्य किया जा रहा है। सड़क की पुरानी सतह को मिट्टी से भरने के बजाय जेसीबी से खरोंच कर उस पर रोलर चला दिया गया, ताकि यह दिख सके कि नया मिट्टी डाला गया है। यह प्रक्रिया मिट्टी भराई के लिए प्राक्कलित राशि को गटकने का तरीका प्रतीत हो रही है। स्थानीय जनता इस अनियमितता से हैरान है। इतना ही नहीं सड़क किनारे केवल दिखावे के लिए थोड़ी मिट्टी डालकर, मिट्टी भराई की अधिकांश राशि को गबन करने की कोशिश की जा रही है। जल्दबाजी में बिना उचित प्रक्रिया का पालन किए जीएसबी बिछाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। जीएसबी में डस्ट ज्यादा और मेटल काफी कम मात्रा में है। चौंकाने वाली बात यह है कि जीएसबी पर बिना पानी डाले ड्राई रोलर चलाया जा रहा है, जो केवल औपचारिकता पूरी करने जैसा है। इसके अलावा निर्माण प्रक्रिया में ग्रेडर के बजाय ट्रैक्टर का उपयोग किया जा रहा है, जो निर्माण मानकों और एकरारनामा का उल्लंघन है। इन सभी कारणों से सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। बनकट से देवरी खुर्द तक की इस सड़क के निर्माण से सोनपुरवा, सजवन, परता, कबरा और पंसा सहित गढ़वा जिले के कई गांवों की जपला से दूरी कम हो जाएगी। इसके बावजूद निर्माण कार्य में इस तरह की अनियमितताएं ग्रामीणों की चिंता का विषय बनी हुई हैं।





## अनन्या पांडे बनाम पारुल यादव

# 'बार्बी गर्ल' का टैग पाने के लिए 'गुलाबी' पोशाक किसने बेहतर पहनी!

**फैशन** और स्टाइल हमेशा मनोरंजन उद्योग का एक अनिवार्य हिस्सा रहा है और जैसा कि कहा जाता है, यह न केवल अच्छा काम करने के लिए पर्याप्त है, बल्कि अच्छे काम के अवसरों के करीब आने के लिए अच्छा दिखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जबकि कुछ हस्तियां हमेशा 'ओटीटी' के रास्ते पर चलना पसंद करती हैं और वास्तव में कभी भी कम के लिए समझौता नहीं कर सकती हैं, कई अन्य लोगों के लिए, 'कम' हमेशा अधिक होता है। बाद की श्रेणी से संबंधित व्यक्ति हमेशा आसानी से प्रभावित करते हैं और यही कारण है कि, सरल मोनोटोन रंगों के साथ भी, जहां तक फैशन गेम का संबंध है, वे इसे पार्क से बाहर निकालने का प्रबंधन करते हैं। 'गुलाबी' रंग हमेशा से एक लोकप्रिय रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के बीच और दो उद्योग दिवा जो इसे अपने-अपने स्थानों पर आसानी से हिला रही हैं, वे हैं अनन्या पांडे और पारुल यादव। अनन्या पांडेः वह एक करिश्माई दिवा हैं जिनके पास आसानी से रॉक और स्ले करने की क्षमता है और उनका अच्छा लुक, उनके लुक के साथ प्रयोग करने की क्षमता के साथ हमेशा उनका मजबूत बिंदु रहा है। यहाँ की तस्वीर में, उन्हें गुलाबी गहरी गर्दन वाले आउटफिट को आसानी से खींचते हुए देखा जा सकता है। वह हमेशा अपनी क्यूटनेस और आकर्षण के साथ फैशन पुलिस के लिए एक बिंदु साबित करती है और यह निश्चित रूप से एक बोनस है।

**पारुल यादवः** यह कहना सुरक्षित है कि इस अभिनेत्री को अक्सर दक्षिण उद्योग की सबसे स्टाइलिश और फैशनेबल सुंदरता के रूप में कई लोगों द्वारा सराहा गया है। ऐसे समय में जब अधिकांश लोग रुझानों का अनुसरण करके अपने आराम क्षेत्र के आसपास खेलते हैं, बोल्ड, जीवंत और साहसी पारुल यादव छोटे बालों के साथ एक विघटनकारी की तरह एक फैशन स्टेटमेंट बनाती हैं, जिसे आईफा जैसे अवसर के लिए पहले कभी किसी और ने प्रयास नहीं किया है। 2.7 लाख से अधिक मूल्य के एक शानदार कस्टम-मेड गुलाबी गाउन में पारुल का मनमोहक अवतार कई लोगों के बीच चर्चा का विषय था और यह कि गुलाबी वास्तविक रूप से उस पर जानलेवा दिखता है। जिस तरह से उन्होंने गुलाबी रंग का उपयोग करके एक आधुनिक मोड़ के साथ रेट्रो वाइब को मिश्रित किया, वह कुछ अनुकरणीय है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, हम उनमें से अधिक को उनके छोर से आते हुए देखना चाहते हैं। सिर्फ गुलाबी ही नहीं, वह शाब्दिक रूप से किसी भी रंग में 10/10 है जिसे आप उसे पहनने के लिए कहते हैं और उसके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह अपने फैशन गेम से सर्वश्रेष्ठ लाने के लिए अपने आराम क्षेत्र को चुनौती देना पसंद करती है। इसे और अधिक क्लासिक सुंदरता पर लाएं।

अनन्या और पारुल दोनों ने गुलाबी रंग के आउटफिट को खत्म करने के लिए अपना काम किया है। हालांकि, अगर किसी को उनमें से किसी एक को चुनना है, तो पारुल यादव अनन्या पांडे से पहले अधिक लोकप्रिय विकल्प के रूप में उभर सकती है, क्योंकि वह अपने छोटे बालों के साथ 'सरप्राइज फैक्टर' बनाने में कामयाब रही।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म देवरा का जलवा जारी

जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान की 'देवरा पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार शुरूआत की है। 27 सितंबर को रिलीज हुई इस पैन-इंडिया फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में ही करोड़ों की कमाई कर ली है। यह फिल्म पांच भाषाओं तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुई है। इस फिल्म में अभिनेता जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर, सैफ अली खान और अभिनेत्री श्रुति मराठे मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में एक्टर प्रकाश राज और जरीना वहाब भी अहम भूमिका में हैं।

**बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट**

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'देवरा' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 12.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 243.1 करोड़ रुपये हो गया है।

'देवरा' छह साल बाद जूनियर एनटीआर की पहली फिल्म है। इससे पहले वह एस.एस. राम राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' में चरण के साथ नजर आए थे। कुछ दिन पहले जूनियर एनटीआर ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को धन्यवाद दिया था। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''जिस दिन का मैं इंतजार कर रहा था वह आखिरकार आ गया... आपकी अनोखी प्रतिक्रियाओं से अभिभूत हूं। मेरे प्रशंसकों, 'देवरा' के प्रति आपका उत्साह देखकर मैं बहुत खुश हूं। मैं आपके प्यार के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।' आपने जितना आनंद लिया, उतना ही मैंने फिल्म का आनंद लिया।



**फिल्म 'देवरा पार्ट 1' के बारे में :** फिल्म में जूनियर एनटीआर दोहरी भूमिका में हैं, जबकि सैफ अली खान, जान्हवी कपूर, प्रकाश राज, श्रीकांत मेका, टॉम शाइन चाको और नारायण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। जूनियर एनटीआर के समुद्र और जमीन पर लड़ाई के दृश्य अद्भुत हैं। इस फिल्म में अभिनेता सैफ अली खान ने एक क्रूर खलनायक की भूमिका निभाई है। फिल्म में काफी खून-खराबा और जबरदस्त फाइटिंग सीन हैं। इस फिल्म में सैफ अली खान और जूनियर एनटीआर का दमदार एक्शन फ्रेम है। हालाँकि फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन फिल्म को पहले दिन जबरदस्त सफलता मिली और फिल्म ने पहले दिन 172 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

## मल्टीस्टारर फिल्म 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर रिलीज

**रोहित शेट्टी** की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। 4 मिनट 45 सेकंड के लंबे हिंदी सिनेमा का यह इतिहास का पहला ट्रेलर है।एक्शन से भरपूर फिल्म में सिंघम अजय देवगन, जिसमें रणवीर सिंह, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ और अर्जुन कपूर हैं। अक्षय कुमार का कैमियो है। डायलॉग्स, थ्रिलिंग एक्शन से भरपूर फिल्म का ये ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सिंघम अगेन फिल्म की कहानी रामायण से जुड़ी हुई है।अजय देवगन और करीना कपूर पति-पत्नी हैं। अजय देवगन यानी बाजीराव सिंघम करीना की जान बचाने के लिए लंका जलाने जा रहे हैं। अर्जुन कपूर को कलयुग का रावण दिखाया गया है। लेडी सिंघम के किरदार में दीपिका पादुकोण खूब जंच रही हैं। रणवीर सिंह सिम्बा की भूमिका में हैं और वह बाजीराव




सिंघम के भक्त हनुमान की भूमिका में हैं। टाइगर श्रॉफ बाजीराव सिंघम के फैन हैं और एक पुलिसवाले की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर के अंत में हेलीकॉप्टर से अक्षय कुमार यानी सूर्यवंशी की दमदार एंट्री दिखाई गई है। 4 मिनट 45 सेकेंड के इस ट्रेलर में सभी किरदारों का परिचय दिया गया है। फिल्म में निर्देशक रोहित शेट्टी स्टाइल फुल एक्शन देखने को मिलेगा। 'सिंघम अगेन' दिवाली के ठीक समय 1 नवंबर को रिलीज हो रही है। आज फिल्म का ट्रेलर लॉन्च समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया। इस समारोह में रोहित शेट्टी, अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर, टाइगर श्रॉफ, रवि किशन मौजूद रहे। दीपिका पादुकोण ट्रेलर लॉन्च में शामिल नहीं हो पाईं, क्योंकि वह हाल ही में मां बनी हैं।

## पॉल पोग्बा का चार साल का प्रतिबंध सीएएस ने घटाकर 18 महीने किया



**एजेंसी**

**जिनेवा।** फ्रांसीसी फुटबॉल खिलाड़ी पॉल पोग्बा पर डोपिंग रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) के लिए चार साल का प्रतिबंध सोमवार को खेल पंचाट न्यायालय (सीएएस) ने घटाकर 18 महीने कर दिया है। जुवेंटस के मिडफील्डर ने 28 फरवरी, 2024 को एडीआरवी करने के लिए इटली के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी न्यायाधिकरण के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। उन्हें 11 सितंबर, 2023 से चार साल के प्रतिबंध और 5,000 यूरो के जुमार्ने की सजा दी गई। सीएएस ने एडीआरवी की पुष्टि की लेकिन फैसला सुनाया कि पोग्बा की कोई गलती नहीं थी, जिससे उनका प्रतिबंध घटाकर 18 महीने कर दिया गया और उनका जुमार्ना भी रद्द कर दिया गया। सीएएस ने अपने बयान में कहा, 'सीएएस पैनल ने अपना निर्णय साक्ष्यों और कानूनी तर्कों के आधार पर लिया है, जिसके अनुसार पोग्बा द्वारा डीएचईए (गैर-अंतर्जात टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स) का सेवन, जिस पदार्थ के लिए उनका परीक्षण सकारात्मक आया था, जानबूझकर नहीं किया गया था और यह फ्लोरिडा में एक चिकित्सक द्वारा उन्हें निर्धारित पूरक को गलत तरीके से लेने का परिणाम था, जबकि पोग्बा को आश्वासन दिया गया था कि चिकित्सक, जिसने कई उच्च-स्तरीय अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों का इलाज करने का दावा किया था, जानकार है और विश्व डोपिंग रोधी संहिता के तहत पोग्बा के डोपिंग रोधी दायित्वों के प्रति सचेत रहेगा।'

सीएएस के अनुसार, 'सीएएस पैनल ने पाया कि पोग्बा दोषमुक्त नहीं थे और एक पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी होने के नाते उन्हें इन परिस्थितियों में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी।'

## उरुग्वे ने विश्व कप क्वालीफायर के लिए सात अनकैप्ड खिलाड़ियों की घोषणा की

**मोंटेवीडियो।** रिवर प्लेट फॉरवर्ड जोआक्विन लावेगा उन सात अनकैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें सोमवार को पेरू और इक्वाडोर के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए उरुग्वे की टीम में शामिल किया गया।

अन्य नए खिलाड़ियों में यूनिवर्सिडाड डी चिली के मिडफील्डर मार्को ओरोना, मोंटेवीडियो वांडरर्स के विंगर पाब्लो सुआरेज, नैशनल के मिडफील्डर लुकास सनाब्रिया, फ्लूमिनेंस के मिडफील्डर फेकुंडो बर्नाल, अलावेस के डिफेंडर सैंटियागो मोरिनो और जिम्नासिया के फॉरवर्ड मटियास अबाल्डो शामिल हैं। मैनेजर मासेलो बिएल्सा ने लिवरपूल के फॉरवर्ड डार्विन नुनेज, एटलेटिको मैड्रिड के सेंटर-बैक जोस मारिया जिमेनेज और नेपोली के लेफ्ट-बैक मैथियास ओलिवेरा को भी वापस बुलाया है, जो निलंबन के कारण उरुग्वे के सितंबर के क्वालीफायर में नहीं खेल पाए थे। उरुग्वे शुक्रवार को लीमा में पेरू से और चार दिन बाद मोंटेवीडियो में इक्वाडोर से भिड़ेगा। उरुग्वे वर्तमान में आठ क्वालीफायर से 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी जोन स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है।

**उरुग्वे की टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर:** सर्जियो रोशेट, सैंटियागो मेले और फ्रेंको इजराइल।

**डिफेंडर:** जोस मारिया जिमेनेज, सैंटियागो ब्यूनो, सैंटियागो मोरिनो, माथियास ओलिवेरा, नाहितन नंदेज, गुइलेर्मो वेरेला, जोस लुइस रोड्रिग्ज और मासेली साराची।

**मिडफील्डर:** मार्को ओरोना, फैकुंडो बर्नाल, एमिलियानो मार्टिनेज, लुकास सनाब्रिया, निकोलस फोंसेका, मैनुअल उगार्टे, फेडेरिको वाल्वरडे, निकोलस डी ला क्रूज और जियोर्गन डी अर्रास्काएटा।

**फॉरवर्ड :** मतियास अबाल्डो, फैकुंडो पेलिस्ट्री, मैक्सिमिलियानो अरुजो, फैकुंडो टोरेस, जोकिन लावेगा, लुसियानो रोड्रिग्ज, पाब्लो सुआरेज, क्रिस्टियन ओलिवेरा और डार्विन नुनेज।

## डेनियल मुनोज कोलंबिया की विश्व कप क्वालीफायर्स टीम से बाहर



**एजेंसी**

**बोगोटा।** क्रिस्टल पैलेस के फुल-बैक डेनियल मुनोज को एडक्टर स्ट्रेन के कारण कोलंबिया के विश्व कप क्वालीफायर टीम से बाहर कर दिया गया है, दक्षिण अमेरिकी देश के फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। 28 वर्षीय खिलाड़ी की जगह एंड्रेस रोमन को टीम में शामिल किया गया है, जिन्हें कोलंबियाई टीम एटलेटिको नैशनल के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। कोलंबिया गुरुवार को समुद्र तल से 4,100 मीटर से अधिक ऊंचाई पर एल ऑल्टो में बोलीविया से भिड़ेगा, उसके बाद पांच दिन बाद बैरेंक्विला में चिली से भिड़ेगा। कोलंबिया की टीम मैच के दिन तक लगभग 2,560 मीटर की ऊंचाई पर कोचाबम्बा शहर में रहकर एल ऑल्टो की दुर्लभ हवा के लिए तैयारी करेगी। कोलंबिया वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र की स्टैंडिंग में आठ क्वालीफायर से 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## अदनान सामी की मां का 77 साल की उम्र में निधन



**लोकप्रिय गायक** और बॉलीवुड में कई लोकप्रिय गाने गाने वाले अदनान सामी की मां बेगम नौरीन सामी खान का निधन हो गया है। अदनान की मां ने 77 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। अदनान ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए यह खबर शेयर की। जैसे ही ये दुखद खबर सामने आई अदनान के फैंस ने कमेंट के जरिए अदनान की मां को श्रद्धांजलि दी।

**मां की निधन के बाद अदनान का इमोशनल पोस्ट–**

अदनान ने अपनी मां की सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट की और उसके नीचे एक इमोशनल पोस्ट लिखा। अदनान ने लिखा, 'मुझे अपनी मां बेगम नौरीन सामी खान के निधन की घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है। हम उनकी मृत्यु से बहुत दुखी हैं। मेरी मां एक अविश्वसनीय महिला थीं। वह हमेशा अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों के लिए प्यार और खुशी लाती थीं।' मुझे उनकी बहुत याद आती है। आप सभी मेरी प्यारी माँ की आत्मा के लिए प्रार्थना करें।

अदनान सामी के वर्कफ्रंट की बात करें तो फिल्म 'बजरंगी भाईजान' में अदनान का गाया गाना 'भर दो झोली मेरी' काफी हिट हुआ था। अदनान कई सालों से सुने जाने वाले गानों के साथ मनोरंजन जगत में काफी सक्रिय हैं। अदनान ने कुछ साल पहले अपना वजन कम करके जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया था। आने वाली फिल्म कसूर में दर्शकों को एक बार फिर अदनान का गाना सुनने का मौका मिलेगा।

## हरियाणा : चुनाव परिणाम में बड़ा उलटफेर

# बीजेपी की जबरदस्त वापसी, 47 सीटों पर बढ़त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जा रहे हैं, और 90 सीटों पर मतगणना जारी है. शुरूआती रुझानों में, जहां कांग्रेस आगे चल रही थी, वहीं अब बीजेपी ने बाजी पलट दी है. सुबह 10:00 बजे के बाद बीजेपी ने जबरदस्त वापसी की और वर्तमान में 47 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है. दिल्ली में, कांग्रेस कार्यकताओं ने चुनाव नतीजों से पहले ही जश्न मनाना शुरू कर दिया. कांग्रेस कार्यालय के बाहर मिठाइयाँ बांटी गईं, जो कि उनकी उम्मीदों को दशार्ती हैं. हालांकि, बीजेपी और कांग्रेस में कांटे की टक्कर नजर



आ रही है. जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ेगी, स्थिति और स्पष्ट होगी. चुनाव परिणामों के लिए जुड़े रहें!

इस बार के चुनाव में कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 464 निर्दलीय और 101 महिला उम्मीदवार शामिल हैं. 5 अक्टूबर को एक ही चरण में मतदान हुआ था, जिसमें 67.90% मतदान दर्ज किया गया.

वोटिंग पैटर्न और आंकड़े- हरियाणा में सबसे ज्यादा मतदान ऐलनाबाद सीट पर हुआ, जहां 80.61% मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया. वहीं, बड़खल में सबसे कम 48.27% मतदान हुआ. तुलना करें तो 2019 के लोकसभा चुनाव में 64.8% वोटिंग हुई थी, जबकि इस बार विधानसभा चुनाव में थोड़ा अधिक मतदान देखा गया.

**मुख्य दलों की चुनावी रणनीति-** इस बार भारतीय जनता पार्टी को लगातार तीसरी बार जीत की उम्मीद है, जबकि कांग्रेस लगभग एक दशक बाद सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही है. इस चुनाव में मुख्य मुकाबला बीजेपी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, इनेलो-बसपा गठबंधन और जेजेपी-आजाद समाज पार्टी गठबंधन के बीच है.

## राज्य मेडिकल काउंसिल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का प्रतीकात्मक अनशन

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल राज्य मेडिकल काउंसिल में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए आरजी कर अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मंगलवार सुबह नौ बजे से आरजी कर अस्पताल में सात जूनियर डॉक्टरों ने 12 घंटे का प्रतीकात्मक अनशन शुरू किया। इसी तरह का आंदोलन राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी देखा गया, जहां जूनियर डॉक्टरों के साथ वरिष्ठ डॉक्टर, नर्सें और स्वास्थ्यकर्मी भी समर्थन देने के लिए आगे आए। इसके साथ ही जूनियर डॉक्टरों ने आज एक ह्यमहामार्चह्न निकालने की भी घोषणा की है, जो कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर धर्मतला के अनशन मंच तक पहुंचेगा। यह मार्च मंगलवार शाम 4:30 बजे होगा। आरजी कर अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए मेडिकल ऑफिसर तापस प्रामाणिक ने मंगलवार सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनके साथ प्रतीकात्मक अनशन में भाग लेने वाले अन्य छह डॉक्टरों के नाम नीलाकाश मंडल, परमिता थांडे, प्रबुद्ध दत्ता, शुभदीप विश्वास, तुही हाजरा और अनुपम राय हैं। इन डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय और राज्य मेडिकल कॉलेज में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर कड़ा विरोध जताया। डॉक्टरों ने राज्य मेडिकल काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष और श्रीरामपुर के तृणमूल विधायक सुदीप्त राय के खिलाफ भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि जिनके पास खुद नैतिकता नहीं है, वे डॉक्टरों को नैतिकता सिखाने का प्रयास कर रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों का आरोप है कि संदीप घोष का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की योजना भी नियमानुसार क्रियान्वित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बिना मेडिकल काउंसिल की बैठक बुलाए ही यह निर्णय लिया गया। जूनियर डॉक्टरों ने कहा, सुदीप्त राय स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड के प्रमुख हैं और आरजी कर अस्पताल के रोगी कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान ही सारे विवादित मामले सामने आए।

## शारदीय नवरात्रि के छठे दिन की गई मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना

**किशनगंज।** आज शारदीय नवरात्रि का छठा दिन है। इस दिन देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। ऋषि कात्यायन के यहां जन्म लेने के कारण देवी मां को कात्यायनी के नाम से जाना जाता है।

मां दुर्गा के साधक पंडित मनोज मिश्रा ने कहा कि मां कात्यायनी की उपासना से व्यक्ति को किसी प्रकार का भय या डर नहीं रहता है। साथ ही उसे किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ता है। वहीं, जिन लोगों को शादी होने में दिक्कतें आ रही हैं वे आज मां कात्यायनी की पूजा जरूर करें। मां कात्यायनी की आराधना करने से मनचाहा जीवनसाथी की प्राप्ति शीघ्र होती है। भगवान कृष्ण को पाने के लिए गोपियों ने मां कात्यायनी की पूजा की थी।

मां दुर्गा का ये स्वरूप अत्यंत ही दिव्य है। इनका रंग सोने के समान चमकीला है। इनकी चार भुजाओं में से ऊपरी बायें हाथ में



तलवार और नीचले बायें हाथ में कमल का फूल है। इनका ऊपर वाला दायां हाथ अभय मुद्रा में है और नीचे का दायां हाथ वरमुद्रा में है। पंडित मनोज मिश्रा ने कहा कि माता दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी को शहद अति प्रिय है। नवरात्रि के छठे दिन माता कात्यायनी को शहद या शहद से बनी खीर और शहद वाले हलवे का भोग जरूर लगाएं। शहद वाली खीर चावल, दूध और शहद से बनाई जाती है। शहद वाली खीर का भोग लगाने से माता रानी प्रसन्न होती हैं। इसके अलावा मां कात्यायनी को गुड़ भी अर्पित कर सकते हैं।

# टूरिस्ट बस टोल के पास खड़े ट्रक से टकराई, एक की मौत, 13 घायल

एजेंसी

**पाली।** ब्यावर जिले में मंगलवार सुबह आंध्र प्रदेश के टूरिस्ट की एक बस टोल नाके पास खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस के केबिन में बैठी 60 साल की महिला उछल कर नीचे गिर गई और बस के पहिए के नीचे आने से उसकी मौत हो गई। हादसे में 13 टूरिस्ट घायल हुए। बस में करीब 40 लोग सवार थे। बस में एडवोकेट और उनकी फैमिली मेंबर सवार थे। हादसे के बाद पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचा और मृतका की बॉडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई। जैतारण थाने के एएसआई कैलाश नायक ने बताया कि आंध्र प्रदेश के कुछ एडवोकेट अपनी फैमेली के साथ जैसलमेर घूमने आए थे। मंगलवार



असलुबह वे वापस आंध्र प्रदेश की तरफ जा रहे थे। इस दौरान ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र के बिराटिया टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रक से बस टकरा गई। हादसे में बस के केबिन में बैठी आंध्र प्रदेश के सूर्य राव पेठा (विजयवाड़ा) निवासी 60 साल की शंकरादेवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद बस का कांच तोड़कर नीचे गिर गई। जिस बस में सवार थी उसी का चक्का उनके ऊपर से निकल गया। जिससे उनकी मौत हो गई। बस में करीब 40 सवारियां थी। जिसमें 13 जने घायल हो गए और अन्य कुछ लोगों को भी चोटें आईं।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ब्यावर रेफर किया। घायलों को बस से निकालकर हॉस्पिटल तक ले जाने में 108 एम्बुलेंस के प्यारचंद खटीक, प्रभुसिंह कईयों का सहयोग रहा। हादसे में बिहार के बोध गया (बस्तीपुर) निवासी 25 साल के शामू कुमार पुत्र कामेश्वर, करोली जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र निवासी 34 साल के मनोज पुत्र विष्णु प्रजापत, गुरु नगर विजयवाड़ा निवासी नागार्जुन पुत्र वागाराजू, विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश निवासी 56 सान र गंगा भवानी पत्नी रामरेड्?डी, विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश निवासी 53 साल की कमला पत्नी चंद्रनागराज, आंध्रप्रदेश अशोक नगर (विजयवाड़ा) निवासी 58 साल की जंगा जयलक्ष्मी पत्नी वामिसीता रेड्?डी, विजयवाड़ा निवासी 67 साल के रतद्रप्रसाद पुत्र राम, विजयवाड़ा निवासी 40 साल के जनसीरानी पत्नी दुर्गाप्रसाद, विजयवाड़ा निवासी 46 साल की केएम स्वामी पत्नी मेघरामा, विजयवाड़ा निवासी 46 साल की अन्नू पालारेड्?डी पुत्री विजववाड़ा निवासी 53 साल के जयाप्रसाद, श्रीनिवास पुत्र नरसिंहा, विजयवाड़ा निवासी 17 साल की टी दिविजा पुत्री केवी रंगा, 54 साल के शियाराम प्रसाद पुत्र सुंदरराम घायल हो गए।

## अररिया में लोजपा के युवा नेता के घर से गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** भारत नेपाल सीमा से सटे अररिया के घूरना में एसएसबी 56 वीं बटालियन के कमांडर प्रवीण प्रभाकर व घूरना थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने आज बड़ी कार्रवाई की है। घूरना थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव व घूरना एसएसबी बीओपी कमांडर ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत भवानीपुर वार्ड संख्या पांच में युवा लोजपा 'आर' के जिला उपाध्यक्ष के घर में छापेमारी कर पांच किलो 170 ग्राम गांजा बरामद की है. साथ हीं एक मापी करने वाला कंप्यूटर युक्त तराजू भी बरामद किया गया है। छापेमारी करने पहुंचे घूरना थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव व घूरना एसएसबी बीओपी कमांडर प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि घूरना से वाहन से पीछा करते हुए उसके घर पर पहुंचे। जहां गांजा तस्कर युवा लोजपा (आर) के जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार पासवान पिता परमेश्वर पासवान ने कार से गांजा निकालकर अपनी मां को देकर घर के पीछे सुरसर नदी होते हुए भाग निकला।

पुलिस व एसएसबी संयुक्त रूप से आरोपित के सभी कमरों की तलाशी ली जहां से प्लास्टिक में पैक कर गांजा रखा हुआ था. जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया व एक जगह से खुदरा आधा दर्जन गांजा की पुड़िया भी बरामद की है वही, पुलिस ने बताया की युवा लोजपा जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार पासवान की मां पार्वती देवी व उसके एक भाई को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी महिला पार्वती देवी ने पुलिस व एसएसबी से बताया कि उसके पुत्र गांजा लाकर घर में रखा था। इस मामले के संदर्भ में घूरना थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि आरोपित महिला व उसके छोटे पुत्र की मेडिकल जांच के बाद उसे को न्यायिक हिरासत में अररिया भेजा दिया गया।

## पाकिस्तान की पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी करेगी जेल में बंद इमरान खान की हिफाजत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सक्रिय पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने कानूनी उलझनों में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हिफाजत करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है कि सेंट्रल जेल रावलपिंडी में कैद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक (पीटीआई) इमरान खान गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। डॉन अखबार के अनुसार, पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के अध्यक्ष अचकजई ने सोमवार को घोषणा की कि जुल्फिकार अली भुट्टो के साथ हुए दुखद दुर्व्यवहार को इमरान खान के साथ दोहराया नहीं



जाने दिया जाएगा। उन्होंने सरकार को यह चेतावनी लोकतंत्र के शहीदों के सम्मान में किला सैफुल्लाह में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में दी। अचकजई ने कहा कि अगर राजनीति में सेना का कथित हस्तक्षेप जारी रहा, तो पाकिस्तान राजनीतिक अस्थिरता का सामना करता रहेगा और इसका भविष्य अनिश्चितता से भरा रहेगा। उन्होंने संशोधन के नाम पर संविधान को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का विरोध करने की शपथ ली। अचकजई ने सात अक्टूबर, 1983 की घटनाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने क्वेटा में जुलूस निकाला था। इस दौरान तत्कालीन तानाशाह जनरल जिया से संविधान और लोकतंत्र को बहाल करने का आह्वान किया गया था। इस दौरान मार्शल लॉ अधिकारियों की प्रतिक्रिया क्रूर रही। जुलूस पर की गई गोलीबारी में पार्टी के चार कार्यकर्ता मारे गए और कई घायल हो गए। सैकड़ों कार्यकताओं और समर्थकों को हिरासत में लिया गया। पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के नेता अचकजई ने कहा कि इमरान खान का जीवन में संकट में है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का असर ग्लोबल मार्केट पर साफ-साफ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है।

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और टेक शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए।



एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,695.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 213.95 अंक यानी 1.18 प्रतिशत टूट कर 17,923.90 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,886.42 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,303.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,576.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत डीएएक्स इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,104.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। एक सप्ताह की छुट्टी के बाद आज खुले चीन के स्टॉक मार्केट में जोरदार तेजी नजर आ रही है। इस तेजी की वजह से शंघाई कंपोजिट इंडेक्स फिलहाल 160.32 अंक यानी 4.58 प्रतिशत उछल कर 3,496.82 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,535.86 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,456.01 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है, जबकि गिफ्ट निफ्टी 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,984 के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 507.37 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,825.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 130.83 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,571.73 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 1,380.24 अंक यानी 5.98 प्रतिशत टूट कर 21,719.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.66 प्रतिशत लुढ़क कर 2,593.14 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,596.79 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बागडोगरा से चाय श्रमिक का शव बरामद

**सिलीगुड़ी।** बागडोगरा के पुनाईबस्ती से मंगलवार को एक चाय श्रमिक का शव बरामद किया गए है। मृतक का नाम चंदन नायक है।वह बागडोगरा चाय बागान में श्रमिक थे। सूत्रों के अनुसार, चंदन नायक बीती रात मछली पकड़ने के लिए पुनाईबस्ती इलाके में स्थित नदी में गया था। स्थानीय लोगों ने आज सुबह नदी किनारे उसका शव देखा। जिसके बाद इसकी सुचना पुलिस को दी गई। खबर पाकर बागडोगरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

### कूचबिहार जिला संशोधनागार में दुर्गा पूजा के आयोजन से कैदियों में खुशी




**कूचबिहार।** इस वर्ष फिर से कूचबिहार जिला संशोधनागार में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है जिससे वहां सजा काट रहे कैदियों में खुशी देखी जा रही है। दरअसल, कारावास में रहने वाले कैदी हर दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक लगभग पूरा समय चार दीवारी के भीतर बिताते हैं। उनकी खुशी और गम सब चारदीवारी तक ही सीमित है। ऐसे में वे पूजा के आनंद से वंचित न रहें, इस उद्देश्य से जेल प्रशासन ने इस वर्ष फिर से कूचबिहार जिला संशोधनागार में दुर्गा पूजा का आयोजन किया है। इस दौरान कैदियों के लिए विशेष भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। संशोधनागार में पूजा की तैयारियां शुरू हो चुकी है। जिससे कैदी उत्साहित हैं।

कूचबिहार जिला संशोधनागार अधीक्षक गौतम रॉय ने कहा, पूजा छोटे स्तर पर की जा रही है। पूजा से कैदी काफी खुश हैं। पूजा के चार दिनों में उनके लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने आगे कहा कि कैदी पूजा के आनंद से वंचित न रहें, इसे ध्यान में रखते हुए दिवंगत मंत्री कमल गुहा के कार्यकाल में कूचबिहार जिला संशोधनागार में दुर्गा पूजा की शुरूआत हुई थी। तब से संशोधनागार में नियमित रूप से पूजा आयोजित की जा रही है। हालांकि पिछले साल किसी कारणवश पूजा नहीं हुई थी। इस साल पूजा फिर से शुरू हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, पूजा का बजट 30 हजार रुपए रखा गया है। इसमें से 20 हजार रुपया प्रिजनर वेलफेयर फंड से दिए जा रहे हैं। जबकि संशोधनागार के कर्मचारी और अधिकारी बांकी दस हजार रुपये का जुगाड़ कर रहे हैं। पूजा के लिए संशोधनागार के अंदर बांस और कपड़े से कोई मंच नहीं बनाया जा रहा है। संशोधनागार के एक विशेष हॉल में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा स्थल को कागज और प्लास्टिक के फूलों से सजाया जाएगा। हालांकि पूरे वर्ष एक निश्चित मात्रा में रोशनी रहती है, लेकिन पूजा के कुछ दिनों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोशनी उपलब्ध कराई जा रही है। एक साउंड बॉक्स भी है। कैदी चाहें तो वहां तरह-तरह के गाने बजाने के अलावा पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकते हैं। वर्तमान में कूचबिहार सुधार गृह में तीन सौ से अधिक कैदी हैं।

### लूट के आरोप में फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के जालुकबारी पुलिस चौकी की टीम ने लूट मामले में शामिल एक फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जालुकबारी पुलिस चौकी की डब्ल्यूजीपीडी टीम ने गोरचुक में स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति से सात हजार की लूट करने वाले बेलसर के संजय वैश्य को गिरफ्तार किया। अपराध को अंजाम देने के दौरान इस्तेमाल किये गये वाहन (एएस-01ईजी-4841) को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना के संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज कराई गयी प्राथमिकी के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू की गयी है।

### ढालीपुर बैराज से महिला का शव बरामद, पहचान कराने में जुटी पुलिस

**देहरादून।** जनपद के ढालीपुर बैराज से एसडीआरएफ ने मंगलवार को मिले एक महिला का शव बरामद किया है। 7 अक्टूबर को देर रात पुलिस चौकी डाकपत्थर से एसडीआरएफ टीम की सूचना दी गई कि ढालीपुर बैराज में एक शव दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही शव निकालने के लिए डाकपत्थर पोस्ट से अपर उपनिरीक्षक सुरेश तोमर के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम आवश्यक उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत कर ढालीपुर बैराज से महिला का शव बरामद कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।

### राजस्थान में एक आईपीएस और 83 आरएएस अफसरों के तबादले

**जयपुर।** राज्य सरकार ने एक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और 83 राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) अफसरों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग ने सोमवार देर रात इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें एडीएम और एसडीएम ज्यादा हैं। इसके साथ पांच आरएएस के तबादले निरस्त किए गए हैं। सूची के अनुसार नीमकाथाना के एसपी प्रवीण नायक नूनावत को राज्यपाल के एडीसी के पद पर पोस्टिंग दी गई है। नूनावत की जगह खाली हुए नीमकाथाना एसपी के पद पर सीकर एसपी को एडिशनल चार्ज दिया गया है। आरएएस अफसर गोपाल राम बिरधा को प्रारंभिक शिक्षा विभाग बीकानेर में अतिरिक्त निदेशक, विभु कौशिक को मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन में कार्यकारी निदेशक के पद पर पोस्टिंग दी गई है। आभा बेनीवाल राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की रजिस्ट्रार होंगी। बाड़मेर एडीएम लोकेश कुमार मीणा का तबादला बाबा आमटे दिव्यांग यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पद पर किया है। उत्तम सिंह शेखावत को राजस्थान स्टेट एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल जयपुर के सचिव पद पर पोस्टिंग दी गई है। पांच आरएएस अफसरों के तबादले निरस्त किए गए हैं। उम्मेदी लाल मीणा का एडीएम हनुमानगढ़ से एडीएम ब्यावर, राकेश कुमार शर्मा का निदेशक राजपत्रित चिकित्सा विभाग से निदेशक प्रशासन पंचायती राज विभाग के पद पर किया गया तबादला निरस्त किया गया है। लाखन सिंह गुर्जर का एसडीओ टपूकड़ा से एसडीओ रामगढ़, मुकेश कुमार मीणा सेकंड का उपायुक्त उपनिवेशन विभाग नाचना से सहायक आयुक्त उपनिवेशन मोहनगढ़ और पवन कुमार का एसडीओ जैसलमेर से चिड़ावा के पद पर किया गया तबादला निरस्त किया गया है।

## यूज ब्रीफ

### व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए 71 हजार की साइबर ठगी का शिकार हुआ चान्हो का युवक

**चान्हो :** बिजुपाड़ा निवासी राजकुमार उरांव के साथ साइबर ठगों ने 71 हजार रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। ठगी की शिकायत दर्ज कराने के लिए राजकुमार ने सोमवार को चान्हो थाना का रुख किया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। राजकुमार के अनुसार, उन्हें पहले गोल्डन हाइक नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया, जहां यह दावा किया गया कि यदि वह अन्य लोगों को चैनल से जोड़ते हैं, तो उन्हें प्रति फॉलोअर 50 रुपये का भुगतान मिलेगा। शुरूआती विश्वास जमाने के लिए राजकुमार को 2100 रुपये का भुगतान भी किया गया, जिससे उन्हें इस स्कीम पर भरोसा हो गया। इसके बाद ठगों ने 52 हजार रुपये का बड़ा भुगतान करने का लालच देकर तीन बार में उनसे कुल 71 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

### करगे पंचायत भवन में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**मांडर :** माननीय झालसा के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची द्वारा सोमवार को मांडर स्थित करगे पंचायत भवन में ₹विधिक सेवा आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह और डालसा के पीएलवी सुमन ठाकुर, पम्मी देवी, रेनू देवी, शाहिस्ता प्रवीण, पुनम देवी और राजा वर्मा ने भाग लिया।

**प्रमुख मुद्दों पर फोकसः** शिवानी सिंह ने कार्यक्रम के दौरान डायन-बिसाही और बाल विवाह जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि डायन-बिसाही एक अंधविश्वास है और किसी महिला को डायन कहकर उसका अपमान या हिंसा करना कानूनी अपराध है। साथ ही, उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ बात करते हुए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों का विवाह 18 वर्ष की आयु के बाद ही करें।

कानूनी सहायता और योजनाओं की जानकारीः शिवानी सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं की भी जानकारी दी, विशेषकर उन लोगों के लिए जो विचाराधीन बंदी हैं या अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित हैं। पीएलवी सुमन ठाकुर और पम्मी देवी ने लोक अदालत, पीड़ित मुआवजा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, और आयुष्मान भारत योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलवाना था। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और इसे काफी सराहा।

### भाजपा की गोगो दीदी योजना रजिस्ट्रेशन फार्म को झामुमो ने बताया फर्जी



**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम फर्जी फार्म भरवा कर राज्य की भोली-भाली जनता को ठगने का आरोप लगाया है। साथ ही झामुमो ने भारत निर्वाचन आयोग से राज्य में त्योहारों के बाद समय पर और कम फेज में चुनाव कराने की मांग की है।

**फर्जी फार्म भरवा कर ठगी करने का आरोप**

**झामुमो** के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गोगो दीदी योजना के नाम पर जो रजिस्ट्रेशन फार्म भरवाए जा रहे हैं उसमें कहीं कोई रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कई जगह से ऐसी भी जानकारी मिली है कि गोगो दीदी योजना के रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक हजार रुपये तक की वसूली की जा रही है। ऐसे में सरकार का यह कर्तव्य है कि वह राज्य में फजीर्वाड़ा नहीं होने दे।

**झारखंड में त्योहारों के बाद चुनाव कराने की मांग**

**इस** दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर जैसे दुर्गम इलाके वाले राज्य में दो चरण में और हरियाणा में एक चरण में मतदान हो सकते हैं तो झारखंड में कहां कोई दिक्कत है। उन्होंने कहा कि राज्य में आराम से तय समय सीमा पर विधानसभा चुनाव हो यह झामुमो चाहता है।

### मुस्लिम मजलिस मुशाविरत ने सीएम को धन्यवाद किया



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोने ने मॉब लिचिंग के पीड़ितो तथा झारखंड उत्पाद सिपाही शारिरीक दक्षता परिक्षा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार युवाओं के परिजनों को आर्थीक सहयता हेतु 4-4 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। मौके पर झारखण्ड उत्पाद सिपाही शारिरीक दक्षता परिक्षा में जान गंवाने वाले 15 युवाओं के परिजन तथा मॉब लिचिंग के कारण जान गंवाने वाले 28 तथा घायल 1वायक्ति को अश्रितो के बीच कुल 1 करोड़ 82 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया। झारखण्ड मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत के कन्वेनर खुर्शीद हसन रूमी और कांग्रेस नेता मंजूर अहमद अंसारी ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि चिर पतिक्षित माँग को पुरा किया है। झारखंड राज्य की जनता तहे दिल से मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा करती है। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार संवेदनशील, जिम्मेवकारियों का निर्वाहन कर रही है। माँब लिंचिग की घटनाएं दुःखदायी और दर्दनाक है। राज्य सरकार पिडीत परिवारो को हर सभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री जिस तरह आपने यह कार्य किया है आप बधाई के पात्र है। तथा एक महत्वपूर्ण मांग उर्दू टिचरो की बहाली का है। समय कम है, अगर संभव हो तो इसे भी पुरा कर दिया जाय। आपको सत्ता में वापसी से फिर कोई नहीं रोक सकता है।

# भाजपा सरकार बनते ही अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा विकास कार्य : श्रद्धानन्द बेसरा

## केरसई भीमकोठी में किया गया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, लोगों मे खुशी



**मेट्रो रेज**

**सिमडेगाः** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के केरसई प्रखंड बासेन पंचायत के भीम कोठी गांव में भाजपा नेता पुर्व प्रत्याशी श्री श्रद्धानंद बेसरा ने विधिवत पूजन के पश्चात

बासेन पंचायत मुखिया सत्या देवी के साथ संयुक्त रूप से स्विच ऑन करके ट्रांसफार्मर को चालू किया गया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को ₹ गोगो दीदी योजना₹ के संबंध में जानकारी दिया।

श्री बेसरा ने भीम कोठी और रिगड़ी ग्राम पहुंचे एवं रग्रामीण महिलाओं को बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड में गोगो दीदी योजना शुरू करने की घोषणा की है जिसके तहत राज्य में भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिमाह 11 तारीख को डीबीटी के माध्यम से 2100 रुपये दिया जाएंगे।

श्री बेसरा ने लोगो को समझाते हुए कहा कि झारखंड सरकार हेमंत सोरेंग हमारे बहनों और महिला को प्रत्येक माह 1000 रुपये दे कर ठगी का काम कर रही है,

वहीं बीजेपी सरकार प्रत्येक माह एक कन्या को 2100 रुपया दे रही, उसका फॉर्म आ गया है, श्री बेसरा ने ग्रामीणों को समझाया कि बीजेपी सरकार सिर्फ और सिर्फ विकाश का काम करते आई है।

हेमंत सरकार माह में 1000 दे तो रही मइया सम्मान के नाम पर, पर क्या इतना पैसा हम बेटी बहु के लिए काफी है, भाजपा सरकार प्रत्येक माह 2100 दे रही। चुनावी माहौल है के कारण सिर्फ राजनीति किया जा रहा है,

श्री बेसरा ने मइया सम्मान योजना का खण्ड करते हुए कहा है कि ये के नाम पर सिर्फ वोट बैंक का राजनीति किया जा रहा है, पिछले 5 साल में मइया सम्मान योजना क्यो नही लाया गया इसका जवाब खटट सभी राजनीति पार्टी को दे,सिर्फ अभी चुनावी माहौल आया तब मइया को सम्मान देने का ये क्या तातपर्य है,। श्री बेसरा ने लोगों से पूछा कि किन किन लोगों को अबुआ आवास मिला है तो जानकारी मिला कि फरवरी महीना में घर बनाने प्रारंभ किए थे दो किश्त 80 हजार रूपए मिले, सितंबर महीना बीत गया लेकिन अभी तक कंप्लीट नहीं हुआ। मौके पर सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री की शालिनता और राजनीति में एक स्वस्थ परम्परा का बेहतर माहौल दिखने को मिला



**मेट्रो रेज संवाददाता**

झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के बेहतर स्वस्थ राजनीति उस समय देखने को भी मिली जब चालीस वर्षों से भी अधिक समय तक झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से जुड़े रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के अस्वस्थ होने की जानकारी जब मंत्री हेमन्त सोरेन को मिली तब उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। यह वाक्या निश्चित तौर पर एक स्वस्थ राजनीति का उत्कृष्ठ उदाहरण है क्योंकि वर्तमान समय में झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाने के पश्चात भी पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति वर्तमान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आदर श्रद्धा अपनत्व देखते ही बना। यह उदाहरण राजनीति के लिए एक स्वस्थ सोच है और मुख्यमंत्री का यह व्यवहार काफी प्रेरणादायक है। इस परिदृश्य से यह महसूस होता है कि राजनीतिक विचार अलग-अलग हो सकते हैं किन्तु आदर और सम्मान सदैव एक होता है हमे ऐसे मुख्यमंत्री के व्यवहार और सोच पर गर्व है क्योंकि दल बदलते हैं दिल नहीं।

### कपाली में गैंता से तलाकशुदा दामाद ने ससुर को मारा, मौत

**सरायकेला :** चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र के इस्लामनगर बाबा गुंडी में तलाकशुदा दामाद ने अपने ससुर पर गैंता से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे उसकी हत्या कर दी। मृतक की पहचान 65 वर्षीय अब्दुल सलीम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक अब्दुल सलीम की पुत्री साईका की शादी करीब पांच माह पहले ही लोहरदगा के फैजल अंसारी के साथ हुई थी। मृतक की बेटी का शादी के कुछ दिन बाद ही दामाद से तलाक हो गया था। बेटी का तलाक होने के बाद अब्दुल सलीम अपने बेटी साईका की शादी दूसरी जगह तय कर दी थी। बताया जा रहा है।



### जनता दरबार का आयोजन

**सिमडेगाः** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा मानदेय का भुगतान करने, गाये शेड का लाभ मुहैया कराने, इलाज हेतु आर्थिक सहायता मुहैया कराने, रेंट मकान का किराया दिलाने, एवं बिजली बिल संबंधी विषयों के मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

### डीआईजी कार्मिक एवं बजट नौशाद आलम ने मानवता का परिचय दिया



**बिनय मिश्रा**

**डीआईजी** कार्मिक नौशाद आलम को जैसे ही इस बात की जानकारी मिली कि गुमला में पदस्थापित अवर पुलिस निरीक्षक निर्मल यादव डियूटी के दौरान हार्ट अटैक आने के क्रम आनन-फानन में कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उक्त पु0 अ0नि0 का सफल आपरेषन हुआ। प्रांतीय महामंत्री मो0 महताब आलम प्रांतीय संयुक्त एवं सचिव रंजन कुमार पुलिस मुख्यालय पहुंच कर पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक सह बजट मो0 नौशाद आलम सर के द्वारा तुरंत उक्त पु.अ.नि. के पुत्र को ईलाज के लिए 1,00,000/- (एक लाख) नगद सहायता राशि दिया गया और डीआईजी कार्मिक सर के द्वारा आश्वासन दिया गया कि और भी आपके पिता के ईलाज में जो भी खर्चा आएगा उसको भी सहायता राशि दिया जाएगा। जिसके लिए पूरी प्रांतीय टीम डीआईजी कार्मिक सर को दिल से धन्यवाद अदा करती है। उनके साथ पूरी प्रांतीय टीम उनके दुख में खड़ी है और जो भी मदद होगी वह हर संभव मदद करेंगे। इसके लिए प्रांतीय टीम ने डीआईजी के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

### विधायक प्रतिनिधि ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया



**कोलेबिराः** विधायक प्रतिनिधि तथा यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत शाहपुर के घाघटोली में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया पिछले दो माह से ट्रांसफार्मर खराब था ग्रामीणों को दिक्कतें आ रही थी वहां के वार्ड मेंबरों तथा ग्रामीणों द्वारा पदाधिकारी को एक सप्ताह पहले सूचित किया गया उसके बाद माननीय विधायक के प्रयास से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस सुलभ नेल्सन डुंगडुंग के द्वारा बताया गया पूरे क्षेत्र में हमारे गठबंधन की सरकार विद्युतीकरण तथा खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाने का काम कर रही है विपक्ष के उन पार्टियों द्वारा ट्रांसफार्मर के नाम पर राजनीति किया जा रहा है तथा हम बरगलाया जा रहा है क्योंकि चुनाव सामने है जबकि गठबंधन की सरकार नए विद्युतीकरण का भी काम कर रही है सिमडेगा में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर भी बनाया गया है जिस पर ट्रांसफार्मर बनाकर क्षेत्र में भेजा जाता है फिलहाल पूरे प्रखंड में खराब ट्रांसफार्मर को चिन्हित किया जा चुका है।

# खरीफ -सह- मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन

**मेट्रो रेज**

**सिमडेगा :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, सिमडेगा द्वारा जिला स्तरीय खरीफ -सह- मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन जिला कृषि कार्यालय परिसर में किया गया। जिला स्तरीय खरीफ -सह- मिलेट्स कर्मशाला का सर्वप्रथम *मुख्य अतिथि उपायुक्त, सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह* सहित जिला परिषद सदस्य श्रीमती सोनी पैकरा, जिला परिषद सदस्य श्रीमती शांति बाला केरकेट्टा, नाबार्ड एवं केवीके के वैज्ञानिक संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सहित सभी अतिथियों को *जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेंद्र दास* ने पौधा देकर स्वागत किया। इस जिला स्तरीय खरीफ -सह- मिलेट्स कर्मशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत संबोधन करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेंद्र जी ने जिला में कृषि के विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 में फसल आच्छादन लक्ष्य के अनुरूप 94.4 प्रतिशत हेक्टर आच्छादित किया गया है। बीज विनिमय एवं वितरण योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर 4479 किसानों के बीच धन, मडुआ एवं मूंगफली का वितरण किया गया है। बिरसा फसल



विस्तार योजना अंतर्गत प्रत्यक्षण हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर खरीफ बी प्राप्ति एवं वितरण 2544 किसानों के बीच उरद, मक्का एवं मूंगफली का वितरण किया गया है। वहीं जिले के 94 पंचायतों में 93016 किसानों को के.सी.सी. योजना से आच्छादित किया गया है। झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत संभावित 11030 किसानों के विरूद्ध 9750 किसानों की सूची बैंक द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया गया जिसमें से 7096 किसानों का ी-‘८ कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसमें से 6941 किसानों की सूची 50000/- तक के ऋण माफी हेतु राज्य को अग्रसारित किया गया है। साथ ही वर्तमान में सरकार द्वारा 200000/- (दो लाख) तक की ऋण माफी अंतर्गत 2435 किसानों का ऋण माफ किया गया है। सॉयल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12051 के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 8317 मृदा नमूना संग्रहण एवं 6567 नमूनों का विश्लेषण कार्य पूर्ण करते हुए सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया जा रहा है। झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि मिलेट फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने हेतु झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत अब तक जिले के 3175 किसानों द्वारा ऑनलाईन निबंधन कराया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्ड्श - ढी१ उॠङ्क्स्र टङ्कश्री उ१ङ्क्स्र योजना के तहत उचित तरीकों से बेहतर जल प्रबंधन, कुशल सिंचाई तकनीकों को अपनाकर सिंचित क्षेत्र का विस्तार, फसल उत्पादन और उत्पादकता में वृ?द्धि, किसानों की आय में वृद्धि करना है, इस योजना में छोटे और सीमांत किसानों को 90% सब्सिडी पर और सामान्य किसानों को 80% सब्सिडी पर डीप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली स्थापित की जाती है। वर्तमान में 177 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त है जिसमे से 182 किसानो के लिए 125 हेक्टेयर का कायार्देश निर्गत किया गया है।

उपायुक्त महोदय ने कार्यक्रम उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा जिला में लगभग 28% भूमि जो वन से जंगल से आच्छादित है, कृषि योग्य भूमि 40-42 प्रतिशत है एवं बाकी नदी, पहाड़, रोड़ आदि है ये जो कृषि योग्य भूमि है जो एक फसलीय हैं मूलत, यहां वर्षा आधारित कृषि है,अब इसमें जो 42 प्रतिशत भूमि है उसमें जो सीमांत कृषक है जो लगभग 60% है एक हेक्टेयर से कम भूमि में कृषि करने वाले तथा लघु कृषक सीमांत 18 प्रतिशत है और बड़े कृषि तो यहां बहुत कम है। का अर्थ यह हुआ कि इस जिले में राज्य में 12 प्रतिशत कृषि भूमि में कृषि कार्य नहीं हो रहा तो इस जिले में 20 प्रतिशत ज्यादा भूमि है जिसमें कृषि कार्य नहीं हो रहा है। कृषि योग्य जोत भूमि है कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं और जब हम वहां कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं तो उसका बहुत सारा कारण है हमारे किसान निवेश नहीं कर पा रहे हैं, बहुत कमजोर हैं, पूंजी नहीं है, सरकार के विभिन्न योजनाओं में अनुदान पर लाभ लेकर सीमांत किसान कृषि कार्य करते हैं। इसकी वजह से जिले में फूड सिक्योरिटी भी नहीं है। उपायुक्त महोदय ने सभी किसानों से कहा कि कृषि के विभिन्न प्रकार हैं जिसमें किसानों के लाभ दिया जाता है। पशुपालन योजना में जिसको 02 से 05 गाय दिया गया है उसे निःशुल्क शेड भी देना है। आप सभी किसानों को जागरुक होकर योजना का लाभ लेते हुए अपनी कृषि कार्य को मजबूत करने की अध्यक्षता है।

उपायुक्त महोदय ने कहा कि इस जिले में कृषि कार्य लिए यहां की मिट्टी बहुत ही अच्छी है। उन्होंने ने कहा कि मैं जब क्षेत्र भ्रमण करता हूं तो बाजार में जा के मैंने देखा कि सिमडेगा जिले में मूंगफली की खेती बेहतर गुणवत्ता की होती है, और बहुत अधिक संख्या में यह हेक्टेयर में उत्पादन किया जाता है। बाजार में मैंने एक व्यापारी से पूछा तो उन्होंने बताया कि 120 रुपए पैईला, जो कि अन्य मार्केट से बहुत ही कम कीमत था। वह व्यापारी महिला मूंगफली की छिलका हटाकर बेच रही थी। जो कि बहुत ही बेहतरीन क्वालिटी का था। मैंने उसे खरीदा था और वह खाने में भी बहुत स्वादिष्ट था। उपायुक्त महोदय ने कहा कि जिले में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नीति आयोग के मद से शंख नदी के किनारे बसे गांव में एवं कृषि भूमि में लिफ्ट इरिगेशन से सिंचाई बहाल किया गया है। आने वाले दिनों में और भी शंख नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरीगेशन सिंचाई के माध्यम से आच्छादित किया जाएगा। अंत में उन्होंने सभी कृषकों को जागरुक करते हुए जिले में ड्रैगन